(आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78)

डाक पंजीयन क्रमांक जयपुर सिटी/205/2024-26

O.I.G.S.

सत्यमेव जयते

# राजस्थान रोज़गार संदेश

पाक्षिक

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 49 अंक 13 | Website:http://employment.rajasthan.gov.in | 15 अगस्त, 2026 | मूल्य : 3.00 | वार्षिक शुल्क 60 रु

**राजस्थान रोजगार संदेश की ओर से पाठकों, विज्ञापनदाताओं व वितरकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# वीडियो एडिटिंग और वीडियो प्रोडक्शन में करियर कैसे बनाएं

-अनाम कुमार

आज के डिजिटल युग में वीडियो केवल फिल्मों और टीवी तक सीमित नहीं रहा है। अब स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान, अस्पताल, होटल, सरकारी विभाग, सामाजिक संस्थाएँ, छोटे-बड़े व्यवसाय, यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया पेज - लगभग हर क्षेत्र में वीडियो की आवश्यकता बढ़ रही है। किसी योजना की जानकारी देनी हो, किसी संस्था का प्रचार करना हो, किसी कार्यक्रम की झलक दिखानी हो, विद्यार्थियों को पढ़ाना हो या किसी व्यवसाय को ग्राहकों तक पहुँचाना हो - वीडियो आज सबसे प्रभावी माध्यमों में से एक बन गया है।

इसी कारण **वीडियो एडिटिंग और वीडियो प्रोडक्शन** युवाओं के लिए रोजगार, फ्रीलांसिंग और स्वरोजगार का एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र बनता जा रहा है। यह क्षेत्र उन युवाओं के लिए भी उपयोगी है जो सीमित साधनों से शुरुआत करना चाहते हैं। एक मोबाईल फोन, साधारण इंटरनेट, अभ्यास और सीखने की इच्छा से भी इस क्षेत्र में पहला कदम रखा जा सकता है।

## वीडियो एडिटिंग और वीडियो प्रोडक्शन क्या है ?

वीडियो प्रोडक्शन का अर्थ है किसी वीडियो को शुरू से अंत तक तैयार करने की पूरी प्रक्रिया। इसमें विषय का चयन, स्क्रिप्ट लेखन, शूटिंग, आवाज रिकॉर्डिंग, फोटो और वीडियो फुटेज का चयन, एडिटिंग, संगीत, सबटाइटल, ग्राफिक्स और अंतिम वीडियो तैयार करना शामिल होता है।

वीडियो एडिटिंग इस प्रक्रिया का बहुत महत्त्वपूर्ण भाग है। एडिटर कच्चे वीडियो को सही क्रम में लगाकर उसे आकर्षक, उपयोगी और प्रभावशाली बनाता है। वह अनावश्यक हिस्से हटाता है, सही दृश्य चुनता है, आवाज सुधारता है, टेक्स्ट जोड़ता है, संगीत लगाता है और वीडियो को देखने योग्य बनाता है।

सरल शब्दों में कहा जाए तो वीडियो प्रोडक्शन सामग्री तैयार करता है और वीडियो एडिटिंग उस सामग्री को सही रूप, गति और प्रभाव देती है।

## इस क्षेत्र में मांग क्यों बढ़ रही है ?

आज लगभग हर संस्था को वीडियो की आवश्यकता है। स्कूल और कॉलेज अपने कार्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, उपलब्धियों और गतिविधियों को वीडियो के माध्यम से दिखाना चाहते हैं। कोचिंग संस्थान ऑनलाइन क्लास, यूट्यूब वीडियो और शॉर्ट वीडियो बनाते हैं। होटल और पर्यटन क्षेत्र अपने स्थानों को वीडियो से प्रचारित करते हैं। अस्पताल जागरूकता और सेवाओं से जुड़े वीडियो बनाते हैं। सरकारी विभाग योजनाओं, उपलब्धियों और जन-जागरूकता के लिए वीडियो का उपयोग करते हैं।

इसके अलावा सोशल मीडिया ने इस क्षेत्र में बहुत बड़ी मांग उत्पन्न की है। इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स, फेसबुक वीडियो, लिंक्डइन वीडियो, वेबिनार, पॉडकास्ट और ऑनलाइन विज्ञापन के लिए नियमित रूप से वीडियो कंटेंट की जरूरत होती है। इसलिए यह अवसर केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। राजस्थान के छोटे शहरों और कस्बों में भी स्थानीय व्यवसायों, संस्थानों और कार्यक्रमों के लिए वीडियो सेवाओं की मांग बढ़ रही है।

## इस क्षेत्र में करियर बनाने हेतु महत्त्वपूर्ण बातें

### 1. वीडियो एडिटिंग सीखें

इस क्षेत्र में आने के लिए सबसे पहले वीडियो एडिटिंग की मूल बातें सीखना आवश्यक है। शुरुआत मोबाइल ऐप या मुफ्त सॉफ्टवेयर से की जा सकती है। शुरुआती स्तर पर वीडियो काटना, जोड़ना, आवाज मिलाना, टेक्स्ट लगाना, संगीत जोड़ना और वीडियो को सही फॉर्मेट में सेव करना सीखना चाहिए।

बाद में Adobe Premiere Pro, DaVinci Resolve, Final Cut Pro, After Effects, Photoshop, Canva, CapCut आदि टूल्स सीखे जा सकते हैं। जरूरी नहीं कि शुरुआत में सभी सॉफ्टवेयर सीखे जाएँ। पहले एक टूल पर अच्छी पकड़ बनाना अधिक उपयोगी है।

### 2. कैमरा, लाइट और साउंड की बेसिक जानकारी लें

केवल एडिटिंग जानना पर्याप्त नहीं है। यदि युवा को कैमरा फ्रेमिंग, लाइट और साउंड की मूल जानकारी हो तो उसका काम अधिक बेहतर हो सकता है। वीडियो अच्छा तभी बनता है जब शूटिंग ठीक हो, आवाज साफ हो और दृश्य सही ढंग से रिकॉर्ड किए गए हों।




शुरुआत में मोबाइल कैमरा से अभ्यास किया जा सकता है। प्राकृतिक रोशनी में शूट करना, फोन को स्थिर रखना, बैकग्राउंड शोर कम करना और बोलने वाले व्यक्ति की आवाज साफ रिकॉर्ड करना बहुत जरूरी है।

### 3. अपना पोर्टफोलियो तैयार करें

इस क्षेत्र में पोर्टफोलियो बहुत महत्त्वपूर्ण है। पोर्टफोलियो का अर्थ है आपके द्वारा बनाए गए अच्छे काम के नमूने। नौकरी या फ्रीलांस कार्य प्राप्त करने में पोर्टफोलियो अक्सर प्रमाण-पत्र से भी अधिक उपयोगी साबित होता है।

युवा 5 से 10 अच्छे नमूना वीडियो तैयार कर सकते हैं। जैसे- किसी स्थानीय व्यवसाय का प्रचार वीडियो, स्कूल या कॉलेज गतिविधि का वीडियो, छोटा इंटरव्यू, जागरूकता संदेश, यूट्यूब वीडियो, रील या किसी कार्यक्रम की छोटी झलक। इन नमूनों को गूगल ड्राइव, यूट्यूब अनलिस्टेड लिंक या पोर्टफोलियो पेज पर सुरक्षित रखा जा सकता है।

### 4. सोशल मीडिया और यूट्यूब फॉर्मेट समझें

आजकल वीडियो केवल लंबी फिल्म के रूप में नहीं बनता। अलग-अलग प्लेटफॉर्म के लिए अलग-अलग फॉर्मेट की आवश्यकता होती है। इंस्टाग्राम रील, यूट्यूब शॉर्ट्स, फेसबुक वीडियो, लिंक्डइन वीडियो, यूट्यूब लॉन्ग वीडियो, पॉडकास्ट क्लिप और विज्ञापन वीडियो - सबका तरीका अलग होता है। इसलिए युवा को यह समझना चाहिए कि छोटा वीडियो कैसे आकर्षक बने, शुरुआत में दर्शक का ध्यान कैसे खींचा जाए, सबटाइटल कैसे लगाए जाएँ, वीडियो का आकार और लंबाई क्या हो, और किस प्लेटफॉर्म पर कौन-सा कंटेंट बेहतर चलता है।

### 5. AI टूल्स का सही उपयोग सीखें

आजकल AI टूल्स भी वीडियो निर्माण में उपयोगी होते जा रहे हैं। ये स्क्रिप्ट आइडिया, सबटाइटल, आवाज सुधार, बैकग्राउंड हटाने, अनुवाद, कंटेंट प्लानिंग और थंबनेल आइडिया में मदद कर सकते हैं।

लेकिन AI रचनात्मकता, मेहनत, अनुशासन और मानवीय समझ का विकल्प नहीं है। अच्छे प्रोफेशनल को AI का उपयोग सहायक साधन के रूप में करना चाहिए। यदि युवा AI टूल्स के साथ वीडियो एडिटिंग और कंटेंट निर्माण सीखते हैं, तो उनकी उपयोगिता और बढ़ सकती है।

### 6. इंटर्नशिप, फ्रीलांस और नौकरी के अवसर खोजें

शुरुआत में युवाओं को केवल बड़ी नौकरी का इंतजार नहीं करना चाहिए। वे इंटर्नशिप, छोटे प्रोजेक्ट, स्थानीय कार्य और फ्रीलांस अवसरों से भी शुरुआत कर सकते हैं। छोटे काम से अनुभव, आत्मविश्वास और संपर्क बनते हैं।

**युवा निम्नलिखित पदों के नाम से अवसर खोज सकते हैं :-**

- **Video Editor**
- **Video Editing Intern**
- **Videographer**
- **Video Production Assistant**
- **Reel Editor**
- **YouTube Editor**
- **Motion Graphics Artist**
- **Social Media Video Creator**
- **Content Creator**
- **Cinematographer**
- **Corporate Film Editor**

इन अवसरों को रोजगार पोर्टल, कंपनी वेबसाइट, सोशल मीडिया ग्रुप, लिंक्डइन, फ्रीलांस प्लेटफॉर्म, डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी, प्रोडक्शन हाउस और करियर प्लेटफॉर्म पर खोजा जा सकता है।

## इस क्षेत्र में प्रमुख रोजगार अवसर

**वीडियो एडिटिंग और प्रोडक्शन में कई प्रकार के कार्य और पद उपलब्ध हो सकते हैं। कुछ प्रमुख अवसर इस प्रकार हैं :-**

### वीडियो एडिटर

वीडियो एडिटर कच्चे वीडियो को संपादित कर अंतिम वीडियो तैयार करता है। यह कार्य यूट्यूब, सोशल मीडिया, कार्यक्रमों, विज्ञापनों, इंटरव्यू, प्रशिक्षण वीडियो और संस्थागत फिल्मों के लिए किया जा सकता है।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# भारतीय वायु सेना / Indian Air Force

अग्निवीरवायु (विज्ञान विषय के अलावा) के रूप में भारतीय वायु सेना से जुड़ने के लिए चुमोकेडिमा (नगालैंड) और श्री विजयपुरम (अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह) में 31 अगस्त 2026 से 07 सितम्बर 2026 के बीच ओपन भर्ती रैली में प्रस्तुत होने के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है.

**अग्निवीरवायु इंटेक 01/2027**

**सावधानी : भारतीय वायु सेना में चयन 'सही और पारदर्शी' है और केवल योग्यता पर है. भारतीय वायु सेना में चयन या भर्ती के लिए किसी को भी किसी भी स्तर पर रिश्वत देना अपेक्षित नहीं है. उम्मीदवार, भर्ती/चयन एजेंट का रूप धारण करने वाले व्यक्तियों का शिकार ना बनें.**

1. **भारतीय वायु सेना,** अग्निवीरवायु (विज्ञान विषय के अलावा) के रूप में **भारतीय वायु सेना से जुड़ने के लिए भारतीय अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए अवसर प्रदान करता है.** ओपन भर्ती रैली, नीचे दिए गए चयन प्रोग्राम के अनुसार आयोजित होगीः

**1.1. चुमोकेडिमा (नगालैंड) में रैली के लिए चयन प्रोग्रामः**

| स्थान | तिथि | गतिविधियां | कवर किए जाने वाले जिले |
|---|---|---|---|
| नगालैंड सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र (एनएपीटीसी) चुमोकेडिमा जिला, नगालैंड पिन-797103 | 01-02 सितम्बर 26 (महिलाएं) रिपोर्टिंग तिथिः 01 सितम्बर 26 | शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी), लिखित परीक्षा, अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-I (एटी-I), अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-II (एटी-II) और चिकित्सा नियुक्ति | अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और राज्यों के सभी जिले |
| | 04-05 सितम्बर 26 (पुरुष) रिपोर्टिंग तिथिः 04 सितम्बर 26 | शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी), लिखित परीक्षा, अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-I (एटी-I), अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-II (एटी-II) और चिकित्सा नियुक्ति | अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और राज्यों के सभी जिले |

**1.2. श्री विजयपुरम में रैली के लिए चयन प्रोग्राम (अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह)**

| स्थान | तिथि | गतिविधियां | कवर किए जाने वाले जिले |
|---|---|---|---|
| नेताजी स्टेडियम, राजीव गांधी नगर, श्री विजय पुरम, अटलांटा प्वाइंट, पोर्ट ब्लेयर, अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह पिन-744104 | 01-02 सितम्बर 26 (महिलाएं) रिपोर्टिंग तिथिः 01 सितम्बर 26 | शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी), लिखित परीक्षा, अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-I (एटी-I), अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-II (एटी-II) और चिकित्सा नियुक्ति | अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह के केन्द्र शासित राज्यों के सभी जिले |
| | 03-04 सितम्बर 26 (पुरुष) रिपोर्टिंग तिथिः 03 सितम्बर 26 | शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी), लिखित परीक्षा, अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-I (एटी-I), अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-II (एटी-II) और चिकित्सा नियुक्ति | अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह के केन्द्र शासित राज्यों के सभी जिले |

2. नीचे दिए गए विवरण के अनुसार ओपन भर्ती रैली सुबह 6 बजे से शुरू होगी. केवल अधिवासी अपेक्षाओं (पैरा 1 में उल्लिखित राज्यों/केन्द्र शासित राज्यों के लिए) और पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले ओपन भर्ती रैली स्थान में रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को पैरा 1 में उक्त उल्ल्खति अनुसार रिपोर्टिंग तिथि पर **सुबह 10 बजे (कट ऑफ समय)** पर ओपन भर्ती रैली में अनुमति होगी.

**नोटः** उम्मीदवारों को किसी चूक के बिना अनुसूचित तिथि/समय पर संबंधित रैली स्थल पर रिपोर्ट करना होगा. अपने सफर की योजना बनाते समय उन्हें किसी भी आपातकाल जैसे ट्रेनों/बस/फ्लाइट का लेट होना, के लिए तैयार रहना होगा.

**चयन परीक्षा, कमीशन्ड अधिकारियों/पायलट/नेवीगेटर/एयरमेन/अग्निवीरवायु (विज्ञान विषय) के रूप में चयन के लिए नहीं है.**

## पात्रता मानदंड

3. जन्मतिथि ब्लॉकः

3.1. 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2009 **(दोनों तिथियों को मिलाकर)** के बीच पैदा हुए उम्मीदवार ओपन भर्ती रैली में प्रस्तुत होने के पात्र हैं.

3.2. यदि उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के सभी स्तरों को पार कर जाता है तो **नामांकन की तिथि के अनुसार ऊपरी आयु सीमा 22 वर्ष होनी चाहिए.**

4. **वैवाहिक स्थिति और गर्भावस्थाः** केवल अविवाहित उम्मीदवार (पुरुष और महिला) अग्निवीरवायु के रूप में नामांकन के लिए पात्र होंगे और उन्हें चार वर्ष की परिभाषित नियुक्ति अवधि के दौरान विवाह ना करने का वचन लेना होगा. प्रशिक्षण, कौशल विकास गतिविधियां, व्यावहारिक के साथ-साथ फॉर्मेटिव आंकलन और नियुक्ति अवधि के दौरान अग्निवीरवायु की निरंतर सेवा की संगठनात्मक अपेक्षा को मिलाकर अग्निवीरवायु की नियुक्ति की सीमित अवधि को ध्यान में रखते हुए, नियुक्ति अवधि के दौरान अग्निवीरवायु की लंबी अनुपस्थिति भारतीय वायु सेना की ऑपरेशनल क्षमता को बुरी तरह प्रभावित करेगी. अग्निवीरवायु जो कथित अवधि के दौरान विवाह करते हैं या विवाहित पाए जाते हैं उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा. इसके आगे, केवल अविवाहित अग्निवीरवायु, एयरमेन के रूप में नियमित काडर में चयन के लिए पात्र होंगे. इसके अतिरिक्त महिला उम्मीदवारों को चार वर्ष की नियुक्ति अवधि के दौरान गर्भवती ना होने का वचन लेना होगा.ऐसी महिला अग्निवीरवायु का गर्भावस्था के कारण निम्न चिकित्सा श्रेणी (एलएमसी) होने पर उन्हें सेवा से निष्कासित कर दिया जाएगा. गर्भावस्था, महिला अग्निवीरवायु को नियमित काडर में चयन से बाहर कर देगा. नामांकन के समय उम्मीदवारों को उक्त शर्तों को स्वीकार करता स्वैच्छिक वचनपत्र हस्ताक्षर करना होगा.

5. **शैक्षिक योग्यता (विज्ञान विषय के अलावा):**

उम्मीदवार को कुल में न्यूनतम **50% अंक और अंग्रेजी में 50% अंकों** के साथ केन्द्र/राज्य/केन्द्र शासित राज्य द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड से किसी भी स्ट्रीम/विषय में इंटर/10+2/समकक्ष परीक्षा पास की होनी चाहिए.

या

कुल में न्यूनतम **50% अंक और वोकेशनल पाठ्यक्रम** (या इंटर/मैट्रिक में यदि **अंग्रेजी वोकेशनल पाठ्यक्रम में विषय नहीं है) में अंग्रेजी में 50% अंकों** के साथ केन्द्रीय/राज्य/ केन्द्र शासित राज्य द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड से दो वर्ष का वोकेशनल पाठ्यक्रम पास किया हो.

या

कुल में 50% अंक और डिप्लोमा पाठ्यक्रम (या इंटर/मैट्रिक में यदि अंग्रेजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में विषय नहीं है) में अंग्रेजी में 50% अंकों के साथ केन्द्रीय/राज्य/केन्द्र शासित राज्य मान्यताप्राप्त पोलीटेक्नीक संस्थान से इंजीनियरी (मैकेनिकल/इलैक्ट्रिकल/ इलैक्ट्रॉनिक्स/ऑटोमोबाइल/कम्प्यूटर विज्ञान/इंस्ट्रूमेंटेशन प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी) में तीन वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम पास किया होना चाहिए.

**नोट 1:** ओपन भर्ती रैली की तिथि के अनुसार केन्द्र/राज्य/यूटी द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड को ही अनुमति होगी.

**नोट 2:** 10+2/इंटर/समकक्ष परीक्षा/तीन वर्ष डिप्लोमा पाठ्यक्रम/दो वर्ष वोकेशनल पाठ्यक्रम की अंकतालिका में लिखे अनुसार दशमलव के पहले अंकों के सही कुल प्रतिशत या संबंधित शिक्षा बोर्ड/पॉलीटेक्नीक संस्थान के नियमानुसार आंकलित पर ही विचार किया जाएगा (उदाहरण के लिए 49.99% को 49% के रूप में लिया जाना चाहिए और 50% तक राउंड ऑफ नहीं किया जाना चाहिए).

6. **अधिवास अपेक्षाः** चुमोकेडिमा (नगालैंड) और श्री विजयपुरम (अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह) में ओपन भर्ती रैली में प्रस्तुत होने के लिए पात्र होने के लिए उम्मीदवारों को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगाः

**6.1. स्थायी अधिवासीः** पैरा 1.1 और 1.2 में उलिखित अनुसार राज्यों/यूटी के जिलों का स्थायी अधिवास. उम्मीदवार, **परीक्षा शुरू होने से पूर्व** विशेष राज्य/यूटी के राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत अन्य किसी पदधारी या राजस्व विभाग में किसी भी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी 'अधिवास प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा. **ऐसे अधिवास प्रमाणपत्र में उम्मीदवार का नाम और माता-पिता का नाम, उम्मीदवार के मैट्रिक प्रमाणपत्र में उल्लिखित के समान होना चाहिए.**

**6.2. सीओएएफपी-I:** सेवारत वायु सेना कार्मिक {अधिकारी/एयरमेन/एनसी(ई) और रक्षा एस्टिमेट से भुगतान किए गए इकाई काडर सिविलियन} के बच्चे, जिनके माता/पिता किसी भी वायु सेना इकाई/पैरा 1.1 और 1.2 में उल्लिखित अनुसार **राज्य/यूटी** के जिलों में **स्थित** अन्य किसी संगठन में वर्तमान में सेवारत हैं, उनके अधिवास ओहदे के बावजूद उन्हें ओपन भर्ती रैली में प्रस्तुत होने की अनुमति होगी. ऐसे उम्मीदवार अद्यतन सीओएएफपी (वायु सेना कार्मिक के बच्चे) प्रमाणपत्र (**https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध प्रारूप) प्रस्तुत करेंगे.

**6.3. सीओएएफपी-I:** वायु सेना कार्मिक {अधिकारी/एयरमेन/एनसी(ई) और रक्षा एस्टिमेट से भुगतान किए गए इकाई काडर सिविलियन} के बच्चे, जिनके माता/पिता सेवानिवृत्त/ सेवामुक्त/दिवंगत हैं और **पैरा 1.1 और 1.2 में उल्लिखित अनुसार राज्य और यूटी** के जिलों में रह रहे हैं उन्हें ओपन भर्ती रैली में प्रस्तुत होने की अनुमति होगी. ऐसे उम्मीदवारों को एक वर्ष के न्यूनतम रहने के प्रमाण के साथ अधिकारियों/एयरमेन/ एनसी(ई) के मामले में सेवा पुस्तिका/सेवामुक्ति पुस्तिका/आकस्मिक सेवा **प्रमाणपत्र/सेवा** विवरण प्रमाणपत्र (लागू अनुसार डीपीओ-3/डीएवी से जारी) और सिविलियन के मामले में अंतिम सेवारत इकाई के सीओ/सी प्रशासन ओ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित और ओआईसी सिविल प्रशासन द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

7. **अनिवार्य चिकित्सा मानकः** अग्निवीरवायु पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए सामान्य चिकित्सा मानक निम्नानुसार हैः

**7.1. लंबाईः**

**7.1.1. पुरुष उम्मीदवारों के लिएः** न्यूनतम स्वीकार्य लंबाई **152 सेमी** है.

**7.1.2. महिला उम्मीदवारों के लिएः** न्यूनतम स्वीकार्य लंबाई **152 सेमी** है. उत्तर पूर्व या उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए **147 सेमी** की न्यूनतम लंबाई स्वीकार्य है. लक्षद्वीप से उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम लंबाई **150 सेमी** है.

**नोटः** उत्तरपूर्व/उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों/लक्षद्वीप के अधिवासी रहने के लिए लंबाई में छूट का लाभ लेने वाली महिला उम्मीदवारों को ओपन भर्ती रैली के समय अधिवास ओहदे के समर्थन के साथ अधिवास प्रमाणपत्र जमा करना होगा. **उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से महिला उम्मीदवारों को अपने अधिवास प्रमाणपत्र में पहाड़ी क्षेत्र का विशिष्ट समर्थन होना चाहिए.**

**7.2. वजनः** भारतीय वायु सेना के लिए लागू अनुसार लंबाई और आयु के अनुरूप.

**7.3. सीनाः**

**7.3.1. पुरुष उम्मीदवारों के लिएः** सीना, सही आनुपातिक और सही से विकसित होना चाहिए. न्यूनतम सीने का घेरा **77 सेमी** और सीना फुलाने पर कम से कम **05 सेमी** बढ़ना चाहिए.

**7.3.2. महिला उम्मीदवारों के लिएः** सीने को आनुपातिक होने के साथ **05 सेमी** के विस्तार की न्यूनतम रेंज के अनुरूप होना चाहिए.

**7.4. सुननाः** उम्मीदवारों के पास सामान्य सुनने की क्षमता होनी चाहिए अर्थात् प्रत्येक कान से 6 मीटर की दूरी से फुसफसाहट सुनने में सक्षम होना चाहिए.

**7.5. डेंटलः** स्वस्थ मसूड़े, दांतों का अच्छा सेट और न्यूनतम 14 डेंटल प्वाइंट्स होने चाहिए. डेंटल इम्प्लांट्स और इंप्लांट समर्थित प्रोस्थेसिस को डेंटल प्वाइंट पुरस्कृत नहीं किए जाएंगे. स्थायी रूप से जुड़े या निकलने वाले ऑर्थोडॉन्टिक एप्लाएंसेज पहनने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जाएगा.

**7.6. सामान्य स्वास्थ्यः** उम्मीदवार को भारतय वायु सेना के लिए फिट होना चाहिए, चिकित्सा मानकों के अनुरूप होना चाहिए और उम्मीदवार की किसी उपांग की हानि के बिना सामान्य एनाटोमी का होना चाहिए. उसे किसी भी सक्रिय या लेटेंट, एक्यूट या क्रोनिक, चिकित्सा या सर्जिकल डिसेबिलिटी या संक्रामक बीमारी, संक्रमण और त्वचा बीमारी से मुक्त होना चाहिए. उम्मीदवार को विश्व के किसी भी भाग, किसी भी मौसम और किसी भी क्षेत्र में काम करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए.

**7.7. स्त्री रोग संबंधी जांच (महिला उम्मीदवारों के लिए):** जांच में बाहरी जेनिटेलिया, हर्निया ओरिफिसिज और पेरिनियम, स्ट्रेस यूरिनरी इनकनटिनेंस या जेनिटल प्रोलैप्स आउटसाइड इनट्रोइटस का कोई भी प्रमाण शामिल है.

**7.8. लिंगः** यदि किसी भी उम्मीदवार में बाहरी शारीरिक जांच होने पर प्रमाण के रूप में विपरीत लिंग के प्रमुख लक्षण पाए जाते हैं तो उसे अस्वस्थ घोषित कर दिया जाएगा. कोई भी उम्मीदवार जिसकी लिंग रिअसाइनमेंट सर्जरी हुई है उसे अस्वस्थ घोषित किया जाएगा.

**7.9. गर्भावस्था (महिला उम्मीदवारों के लिए):** यदि कोई भी उम्मीदवार गर्भवती पाई जाती है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी.

**7.10. दृष्टि मानकः**

| विज्युअल एक्यूटी | रिफ्रैक्टिव एरर की अधिकतम सीमा | कलर विजन |
|---|---|---|
| 6/12 प्रत्येक आंख, प्रत्येक आंख 6/6 तक करैक्टबल | हाइपरमेट्रोपियाः + 2.0 डी मायोपियाः -1 डी ±0.50 डी एस्टिगमेटिज्म सहित | सीपी-II |

**नोटः 1:** यदि प्रयोग किया गया है, उम्मीदवारों को करेक्टेड दृष्टि के लिए अद्यतन प्रिस्क्रिप्शन (एक माह से पुराना

(क्रमशः)

नहीं) और चश्मा लाना होगा. प्रिस्क्रिप्शन में डायोप्टर नाप, नेत्र विशेषज्ञ की पंजीकरण संख्या, मुहर, हस्ताक्षर और नाम होना चाहिए. प्रिस्क्रिप्शन की तिथि, चिकित्सा परीक्षा के लिए प्रस्तुत होने से एक माह पूर्व के अंदर की होनी चाहिए.

**नोट 2:** लेसिक/पीआरके के इतिहास के साथ उम्मीदवारों को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

7.11. चिकित्सा मानकों का विवरण सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध है.

7.12. उक्त उल्लिखित चिकित्सा मानक मात्र व्यापक दिशानिर्देश हैं. चिकित्सा स्वस्थता को चिकित्सा बोर्ड द्वारा अंतिम रूप से तय किया जाएगा.

**8. मादक पदार्थों और मन:प्रभावी औषधियों का सेवन (एनडीपीएस):** एनडीपीएस अधिनियम 1985 के अधीन प्रतिबंधित मादक पदार्थों और मन:प्रभावी औषधियों का सेवन, **भारतीय वायु सेना में चयन के लिए अस्वीकृत मानदंड होगा.** जो अग्निवीरवायु नामांकन के बाद ऐसे औषधियों और पदार्थों के धारक या भंडारण या वितरण या सेवन करते हुए पाए जाते है तो वे भारतीय वायु सेना से निष्कासन सहित अनुशासनिक कार्यवाई के लिए बाध्य होंगे. **भारतीय वायु सेना में मदिरा सेवन और पदार्थ सेवन के लिए जीरो टॉलेरेंस नीति अपनाई जाती है.**

**9. शरीर के टैटू:** स्थायी शरीर के टैटू की अनुमति नहीं है, हालांकि केवल बांह के अंदर की तरफ (कोहनी के अंदर की तरफ से कलाई तक), हाथ के पीछे/हथेली के पीछे और टैटू के साथ जनजातीय जो उनके जाति के रीति और रिवाज के अनुसार हैं, पर विचार किया जा सकता है. अभद्र, अश्लील, अप्रिय, सेक्सिस्ट या जातिवाद टैटू शरीर पर कहीं भी होने पर प्रतिबंध हैं. हालांकि एक टैटू को स्वीकार या अस्वीकार करने पर विचार करने का अधिकार चयन केन्द्र के पास है. **स्थायी शरीर टैटू के साथ उम्मीदवारों को टैटू के आकार और प्रकार के विवरण के साथ दो पोस्टकार्ड आकार फोटो (पास और दूर) जमा करने होंगे.**

10. **केवल सिख उम्मीदवार,** जिनका धर्म बाल कटवाने या चेहरे की शेव करने की अनुमति नहीं देता उन्हें बाल बढ़ाने और/या दाढ़ी और मूंछें रखने की अनुमति होगी. उसके अनुसार, तो सिख उम्मीदवार जो रखी गई विशिष्टताओं के अनुसार इसे रखना चाहता हैं उन्हें दाढ़ी और मूंछों के साथ अपनी फोटो लानी होगी.

**11. भारतीय सेना/भारतीय नौसेना/अन्य किसी संगठन से सेवामुक्त उम्मीदवार, कोई भी गलत प्रविष्टि के साथ उनकी सेवामुक्ति पर भी पात्र होंगे.** ऐसे उम्मीदवार को घोषित करना होगा कि वह उक्त कथित संगठन का भूतपूर्व कर्मचारी है और मूल सेवामुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है. सेवारत उम्मीदवारों के मामले में उनके पास ओपन भर्ती रैली के समय अपने नियोक्ता से एनओसी धारक होना चाहिए. यदि उम्मीदवार भूतपूर्व कर्मचारी होने या नियुक्त होने के तथ्य को छिपाता है तो उसकी उम्मीदवारी को चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर निरस्त कर दिया जाएगा और यदि चयनित होता है तो वह अपने रोजगार के तथ्य को छिपाने के लिए वह सेवा से निकाल दिए जाने के लिए बाध्य होगा. **किसी भी कारण से भारतीय वायु सेना से सेवामुक्त उम्मीदवार रैली में प्रस्तुत होने के लिए पात्र नहीं हैं. दुर्व्यवहार या किसी भी अनुचित गतिविधि के कारण किसी भी पूर्व वायु सेना परीक्षा से स्थायी रूप से निकाले गए उम्मीदवार रैली में प्रस्तुत होने के पात्र नहीं हैं. यदि आगे किसी स्तर पर पाया जाता है तो उम्मीदवारी स्वत: निरस्त हो जाएगी.**

**12. लेखन सामग्री और अपेक्षित दस्तावेज:** उम्मीदवारों को निम्नलिखित लाना होगा:

12.1. एचबी पेंसिल, इरेजर, शॉर्पनर, ग्लू स्टिक, स्टैपलर, और लिखने के लिए काला/नीला बॉल प्वाइंट पेन.

12.2. दस असत्यापित हाल (एक माह से पहले का नहीं होना चाहिए) के पासपोर्ट आकार फोटो (सिख को छोड़कर पगड़ी के बिना हल्की पृष्ठभूमि में सामने से फोटो). फोटो को उम्मीदवार द्वारा अपने सीने के आगे हाथ में एक काली स्लेट पकड़े हुए जिसपर अपना नाम और ली गई फोटो की तिथि, बड़े अक्षरों में सफेद चाक से साफ-साफ लिखा हो, के साथ खिंचवाई जाए.

12.3. मैट्रिक पास प्रमाणपत्र (जन्मतिथि सत्यान के लिए अपेक्षित) की मूल या डिजिलॉकर सत्यापित प्रिंटआउट व चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां.

12.4. 10+2/इंटर/XII या समकक्ष/डिप्लोमा पाठ्यक्रम/वोकेशनल पाठ्यक्रम पास प्रमाणपत्र और अंकतालिका की मूल या डिजिलॉकर सत्यापित प्रिंटआउट व चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां.

12.5. अधिवासी प्रमाणपत्र की मूल और चार स्वसत्यपित फोटोप्रतियां.

या

सेवारत अधिकारी/एयरमेन/सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एनसी(ई) के बच्चों के लिए वायु सेना कार्मिक के बच्चों के लिए विधिवत भरे वायु सेना कार्मिक बालक (सीओएएफपी) प्रमाणपत्र की मूल और चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां

(या)

सेवानिवृत्त/दिवंगत/सेवामुक्त अधिकारी/एयरमेन/एनसीएस(ई) के बच्चों के लिए सेवा पुस्तिका/सेवामुक्ति पुस्तिका/आकस्मिक सेवा **प्रमाणपत्र/सेवा** विवरण प्रमाणपत्र (लागू अनुसार डीपीओ-3/डीएवी से जारी) की मूल और चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां और एक वर्ष का न्यूनतम आवास.

या

अंतिम सेवारत इकाई के सीओ/सी प्रशासन ओ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित और ओआईसी सिविल प्रशासन द्वारा हस्ताक्षरित सेवारत वायु सेना सिविलियन कर्मचारियों के बच्चों के लिए विधिवत भरे प्रमाणपत्र की मूल और चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां.

या

एक वर्ष का न्यूनतम आवास और अंतिम सेवारत इकाई के सीओ/सी प्रशासन ओ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित और ओआईसी सिविल प्रशासन द्वारा हस्ताक्षरित सेवानिवृत्त/दिवंगत वायु सेना सिविल कर्मचारियों के बच्चों के लिए विधिवत भरे प्रमाणपत्र की मूल और चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां.

**नोट:** पर उपलब्ध प्रारूप में वायु सेना सिविलियन कर्मचारियों के बच्चों के लिए प्रमाणपत्र/ अधिकारी/एयरमेन/एनसी(ई) के बच्चों के लिए सीओएएफपी.

12.6. किसी भी सरकारी संगठन में वर्तमान में सेवारत उम्मीदवारों के लिए नियोक्ता से एनओसी की मूल और चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां (यदि लागू है).

12.7. **भारतीय सेना/नौसेना/अन्य किसी सरकारी संगठन से सेवामुक्त उम्मीदवार.** सेवामुक्ति प्रमाणपत्र की मूल और चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां (भारतीय सेना/भारतीय नौसेना/सरकारी संगठन से जारी अनुसार).

12.8. उक्त पैरा 9 के अनुसार शरीर के टैटू फोटो.

12.9. एनसीसी 'क', 'ख' या 'ग' प्रमाणपत्र (यदि लागू है) की मूल और चार स्वसत्यापित फोटोप्रतियां.

**नोट 1:** मूल एनसीसी प्रमाणपत्र पर क्रम संख्या, जारी करने वाली प्राधिकारी की गोल मुहर और हस्ताक्षर करने वाली प्राधिकारी की मुहर होनी चाहिए. प्रमाणपत्र पर चिपकाया गया फोटो मुहर के साथ जारी करने वाली प्राधिकारी द्वारा सत्यापित की होनी चाहिए. क्यूआर कोड के साथ मूल डिजिटली हस्ताक्षरित एनसीसी प्रमाणपत्र भी स्वीकार किए जाएंगे.

**नोट 2: किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवारों को उक्त पैरा 12 में उल्लिखित मूल शैक्षिक अंकतालिका/पास प्रमाणपत्र और दस्तावेज के बिना ओपन भर्ती रैली में प्रस्तुत होने की अनुमति नहीं दी जाएगी. हालांकि शैक्षिक अंकतालिका/पास प्रमाणपत्र की फोटोप्रतियों के साथ उम्मीदवारों को कॉलेज/संस्था के प्रधानाचार्य से प्रमाणपत्र कि मूल शैक्षिक प्रमाणपत्र/अंकतालिका कॉलेज/संस्था में जमा हैं, प्रस्तुत करने पर ही ओपन भर्ती रैली में प्रस्तुत होने की अनुमति होगी.** डिजिलॉकर प्रमाणित प्रमाणपत्रों को स्वीकार किया जाएगा. उम्मीदवारों को डिजिलॉकर प्रमाणित प्रमाणत्र का प्रिंटआउट लाना होगा और चयन टीम द्वारा सत्यापन के दौरान डिजिलॉकर में इस प्रमाणपत्र को दिखाने के लिए मोबाइल फोन दिखाना होगा.

**नोट 3:** अंकतालिका की इंटरनेट की प्रति स्वीकार्य नहीं है.

**नोट 4:** मोबाइल स्नैपशॉट से लिए गए/फोटो इमेज से प्राप्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों का प्रिंटआउट स्वीकार्य नहीं होगा. उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए शैक्षिक प्रामाणपत्रों की पढ़ने योग्य फोटोप्रतियां लानी होगी.

**12.10. शारीरिक स्वस्थता परीक्षा और चिकित्सा परीक्षाओं के लिए अनुमति पत्र:** उम्मीदवारों को 'अनुमति पत्र' (नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार) को रैली स्थल पर लाना होगा और शारीरिक स्वस्थता परीक्षा के आयोजन से पहले जमा करना होगा. अनुमति पत्र प्रारूप **https://iafrecruitment.edcil.co.in** भी उपलब्ध है.

**शारीरिक स्वस्थता परीक्षा और चिकित्सा परीक्षा के लिए अनुमति पत्र**

**(18 वर्ष की आयु से कम और अधिक के उम्मीदवारों के संदर्भ में लागू)**

* मैं..........................(उम्मीदवार का नाम) पुत्र/पुत्री..........................(पिता/माता/अभिभावक का नाम), जन्मतिथि.............(18 वर्ष की आयु से अधिक के उम्मीदवारों के लिए) एतद्द्वारा खुद के रिस्क पर भारतीय वायु सेना में चयन के लिए निर्धारित अनुसार शारीरिक/ चिकित्सा परीक्षा में प्रस्तुत होने की अनुमति देता हूं. मैं जानता हूं कि किसी भी चोट, यदि कोई, के संदर्भ में किसी भी रूप में किसी भी मुआवजे का दावा नहीं करूंगा.

या

* मैं,..............................पिता/माता/अभिभावक..............................(उम्मीदवार का नाम) जिसकी जन्मतिथि .......................... है (18 वर्ष से कम के उम्मीदवार के लिए लागू) एतद्द्वारा अपने रिस्क पर भारतीय वायु सेना में चयन के लिए निर्धारित अनुसार शारीरिक/चिकित्सा परीक्षा में प्रस्तुत होने के लिए बेटे/बेटी/बच्चे को अपनी अनुमति देता हूं. मैं जानता हूं कि किसी भी चोट, यदि कोई, के संदर्भ में किसी भी रूप में किसी भी मुआवजे का दावा नहीं करूंगा.

**उम्मीदवार/*माता-पिता/*अभिभावक के हस्ताक्षर....................**

**उम्मीदवार/माता-पिता/अभिभावक के नाम..............................**

**उम्मीदवार के साथ रिश्ता..............................................**

**स्थान :** ..............  **माता/पिता/अभिभावक का मोबाइल नंबर..............................**

**तिथि :** ...............

**नोट 1: जो लागू नहीं है उसे काट दें.**

**नोट 2:** 18 वर्ष से कम की आयु के उम्मीदवारों को अपने माता-पिता/अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित अनुमति पत्र लाना होगा. हालांकि 18 वर्ष से अधिक के उम्मीदवार खुद अनुमति पत्र हस्ताक्षरित कर सकते हैं.

**नियम व शर्तें**

13. अग्निवीरवायु को **चार वर्ष** की अवधि के लिए वायु सेना अधिनियम 1950 के अधीन भारतीय वायु सेना में नामांकित किया जाएगा. अग्निवीरवायु की अन्य किसी मौजूदा रैंकों से अलग भारतीय वायु सेना में एक अलग रैंक होगी. भारतीय वायु सेना, चार वर्ष की नियुक्ति अवधि के पार अग्निवीरवायु को रखने के लिए बाध्य नहीं होगी.

14. चार वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर भारतीय वायु सेना द्वारा लागू संगठन की अपेक्षाओं और नीतियों के आधार पर अग्निवीरवायु को एयरमेन के रूप में भारतीय वायु सेना के नियमित काडर में नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर दिया जाएगा. इन आवेदनों को उनके चार वर्ष की नियुक्ति अवधि के दौरान निष्पादन सहित वस्तुनिष्ठ मानदंड के आधार पर एक केन्द्रीयकृत तरीके में विचार किया जाएगा और अग्निवीरवायु के प्रत्येक विशिष्ट बैच के 25% को भारतीय वायु सेना के नियमित काडर में नामांकित किया जाएगा. **अग्निवीरवायु के पास भारतीय वायु सेना में आगे के नामांकन के लिए चयनित होने का अधिकार नहीं होगा. आगे के नामांकन के लिए अग्निवीरवायु का चयन, यदि कोई है, भारत सरकार के विवेक पर होगा.**

15. **रोजगार:** इस प्रविष्टि के अधीन नामांकित अग्निवीरवायु, भारतीय वायु सेना के विवेक पर संगठन के हित में कोई भी ड्यूटी सौंपी जा सकती है.

16. **प्रशिक्षण:** नामांकित होने पर अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना अपेक्षाओं के आधार पर मिलिट्री प्रशिक्षण दिया जाएगा.

17. **छुट्टी:** भारतीय वायु सेना के आपातकाल पर छुट्टी प्रदान की जाएगी. निम्नलिखित छुट्टी, उनकी नियुक्ति अवधि के दौरान अग्निवीरवायु के लिए लागू है:

17.1. **वार्षिक छुट्टी:** 30 दिन प्रति वर्ष.

17.2. **बीमारी की छुट्टी:** सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा चिकित्सा सलाह पर आधारित.

18. **चिकित्सा और सीएसडी सुविधाएं:** भारतीय वायु सेना में उसकी नियुक्ति अवधि के दौरान अग्निवीरवायु, सेवा अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ सीएसडी प्रावधानों का हकदार होगा.

19. **वेतन, भत्ते और संबद्ध लाभ:** इस योजना के अधीन नामांकित अग्निवीरवायु को निश्चित वार्षिक वृद्धि के साथ रुपये 30,000/- प्रति माह का अग्निवीरवायु पैकेज का भुगतान किया जाएगा. इसके अतिरिक्त जोखिम और हार्डशिप भत्ते (भारतीय वायु सेना में लागू अनुसार), वर्दी और यात्रा भत्ता का भुगतान किया जाएगा. अनुलब्धियां जैसे राशन,कपड़े, आवास और छुट्टी यात्रा रियायत (एलटीसी) भी मौजूदा नियमों के अनुसार प्रदान किया जाएगा.

20. **टर्मिनल लाभ-सेवा निधि पैकेज:** अग्निवीरवायु को नीचे अंकित अनुसार एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज दिया जाएगा जिसमें उनकी नियुक्ति अवधि के पूर्ण होने पर सरकार द्वारा समान योगदान के साथ उनका मासिक योगदान शामिल होगा:

| वर्ष | कस्टमाइज्ड पैकेज (मासिक) | हाथ में (70%) | अग्निवीर कॉर्पस निधि में योगदान (30%) | भारत सरकार द्वारा कॉर्पस निधि में योगदान |
|---|---|---|---|---|
| सभी अंक रुपये में (मासिक योगदान) (लगभग) | | | | |
| प्रथम वर्ष | 30,000/- | 21,000/- | 9,000/- | 9,000/- |
| दूसरा वर्ष | 33,000/- | 23,100/- | 9,900/- | 9,900/- |
| तीसरा वर्ष | 36,500/- | 25,550/- | 10,950/- | 10,950/- |
| चौथा वर्ष | 40,000/- | 28,000/- | 12,000/- | 12,000/- |
| सभी अंक रुपये में (मासिक योगदान) (लगभग) | | | | |
| चार वर्ष के बाद अग्निवीर कॉर्पस निधि में कुल योगदान | | | रुपये 5.02 लाख | रुपये 5.02 लाख |
| 4 वर्ष के बाद निकास | सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग रुपये 10.04 लाख (संपूर्ण राशि ब्याज के बिना) | | | |

**नोट 1:** अग्निवीरवायु को सरकार के किसी भी भविष्य निधि में कोई भी योगदान देने की आवश्यकता नहीं है.

**नोट 2:** ग्रेच्युटी और किसी भी प्रकार के पेंशन लाभ का हकदार नहीं होगा.

21. **बीमा, मृत्यु और असशक्तता मुआवजा:** अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु के रूप में उनकी नियुक्ति अवधि के दौरान अवधि के लिए रूपये 48 लाख का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाएगा. अग्निवीरवायु, भारतीय वायु सेना के लिए पेंशन विनियमों/नियमों में समाहित प्रावधानों द्वारा शासित नहीं होंगे. मृत्यु/असशक्तता मुआवजे के विवरण के लिए **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर लॉग ऑन करें.

22. **'अग्निवीर कौशल प्रमाणपत्र':** नियुक्ति अवधि के समाप्त होने पर एक विस्तृत कौशल-सेट प्रमाणपत्र, अग्निवीरवायु को प्रदान किया जाएगा जिसमें उनकी नियुक्ति अवधि के दौरान कार्मिक द्वारा प्राप्त सक्षमता का कौशल और स्तर दर्शाया गया होगा.

23. **'भूपूसै ओहदे का हकदार नहीं':** इस योजना के अधीन नामांकित अग्निवीरवायु, चार वर्ष की नियुक्ति अवधि पूर्ण करने पर सेवा से उनकी सेवामुक्ति के बाद भूतपूर्व सैनिक ओहदे के लिए पात्र नहीं होंगे.

24. अग्निवीवायु को चार वर्ष की नियुक्ति अवधि के दौरान रक्षा सेना (अधिकतम पांच प्रयास) में सभी कमिनशनिंग परीक्षा में प्रस्तुत होने की अनुमति होगी बशर्ते वे ऐसा करने के लिए अनुमति प्राप्त करने के लिए कुछ शर्तों को पूरा करते हैं. अग्निवीवायु जिन्होंने भारतीय वायु सेना में अपने नामांकन से पहले किसी सरकारी परीक्षा में आवेदन किया हैं, उन्हें इस परीक्षा में प्रस्तुत होने की अनुमति होगी.

25. नियुक्ति अवधि के पूर्ण होने से पूर्व रीलीज होने का अनुरोध अग्निवीरवायु के लिए स्वीकार्य नहीं है. हालांकि आपवादिक मामलों में अग्निवीरवायु के रूप में नामांकित कार्मिक को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर रीलीज किया जा सकता है.

(क्रमशः)

## चयन प्रक्रिया

**26. पात्रता का सत्यापन:** शैक्षिक प्रमाणपत्रों (10वीं पास प्रमाणपत्र, 12वीं पास प्रमाणपत्र और अंकतालिका/डिप्लोमा/वोकेशनल पाठ्यक्रम पास प्रमाणपत्र और अंकतालिका) और अन्य अपेक्षित लागू मूल दस्तावेज जैसे एनसीसी 'ए', 'बी' या 'सी' प्रमाणपत्र, सेवारत वायु सेना कार्मिक के बच्चे (सीओएएफपी) प्रमाणपत्र, (या) सेवामुक्ति पुस्तिका, सेवा पुस्तिका, सेवा विवरण प्रमाणपत्र/आकस्मिक सेवा प्रमाणपत्र (या) सेवामुक्ति प्रमाणपत्र (यदि सेना/नौसेना /सरकारी संगठन से सेवामुक्त हुए हैं), अनुमति पत्र, पासपोर्ट आकार कलर फोटो और अधिवासी प्रमाणपत्र (उक्त पैरा 6 के अनुसार) के मूल/डिजिलॉकर प्रमाणित प्रिंटआउट अपेक्षित हैं और प्रथमदृष्टया पात्रता को सुनिश्चित करने के लिए शारीरिक स्वस्थता परीक्षा के शुरू होने से पहले परीक्षा स्थल पर जांच/सत्यापित किए जाएंगे.

उम्मीदवार जो रखे गए शैक्षिक मानदंड को पूरा नहीं करते हैं उन्हें शारीरिक स्वस्थता परीक्षा के आयोजन से पूर्व मूल प्रमाणपत्रों या अंकतालिकाओं के आरंभिक सत्यापन के दौरान अस्वीकार कर दिया जाएगा और लिखित परीक्षा के साथ शारीरिक स्वस्थता परीक्षा पास करने पर विस्तृत सत्यापन के दौरान भी या बाद के किसी भी स्तर पर अपात्र पाए जाने पर अस्वीकार कर दिया जाएगा.

**नोट 1:** सीओएएफपी के मामले में सेवामुक्ति पुस्तिका/सेवा पुस्तिका/सेवा विवरण प्रमाणपत्र/आकस्मिक प्रमाणपत्र (लागू अनुसार) में उल्लिखित अनुसार उम्मीदवार का नाम, माता-पिता का नाम और जन्मतिथि को उम्मीदवार के मैट्रिक पास प्रमाणपत्र में उल्लिखित अनुसार समान होना चाहिए.

**नोट 2:** मूल पास प्रमाणपत्र/अंकतालिकाओं को चयन केन्द्र द्वारा रखा नहीं जाएगा. इसे उम्मीदवारों को विस्तृत सत्यापन के पूर्ण होने पर वापस कर दिया जाएगा.

## परीक्षा का अनुक्रम

**मोबाइल फोन/स्मार्ट वॉच/इलैक्ट्रॉनिक उपकरण, फेज-I और फेज-II के दौरान परीक्षा केन्द्र में प्रतिबंधित हैं. मोबाइल फोन/इलैक्ट्रॉनिक उपकरण रखने वाले, उम्मीदवारों को स्थायी रूप से निकाल दिया जाएगा.**

**27. शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी)** : पीएफटी में दो भाग होंगे, पीएफटी-I और पीएफटी-II.

**27.1. पीएफटी-I.** उम्मीदवारों को पीएफटी-I के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित समय के अनुसार 1.6 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी होगी:

| परीक्षा | अधिकतम स्वीकार्य समय | |
|---|---|---|
| | पुरुष उम्मीदवार | महिला उम्मीदवार |
| 1.6 किलोमीटर दौड़ | 07 मिनट के अंदर | 08 मिनट के अंदर |

**27.2.पीएफटी-II** : पीएफटी-I में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवार स्वास्थ्य लाभ के 10 मिनट के बाद पीएफटी-II के लिए जाएंगे. पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए व्यायाम का अनुक्रम और अधिकतम समय अवधि निम्नानुसार है:

**पुरुष उम्मीदवार:**

| परीक्षा | अधिकतम समय अवधि | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|
| 10 पुशअप्स | 01 मिनट | दौड़ पूर्ण होने पर 10 मिनट के ब्रेक के बाद परीक्षा आयोजित होगी. |
| 10 सिट-अप्स | 01 मिनट | 10 पुशअप्स पूर्ण होने पर 02 मिनट के ब्रेक के बाद परीक्षा आयोजित होगी. |
| 20 स्क्वाट्स | 01 मिनट | 10 सिट-अप्स पूर्ण होने पर 02 मिनट के ब्रेक के बाद परीक्षा आयोजित होगी. |

**महिला उम्मीदवार:**

| परीक्षा | अधिकतम समय अवधि | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|
| 10 सिट-अप्स | 01 मिनट और 30 सैकेंड | दौड़ पूर्ण होने पर 10 मिनट के ब्रेक के बाद परीक्षा आयोजित होगी. |
| 15 स्क्वाट्स | 01 मिनट | 10 सिट-अप्स पूर्ण होने पर 02 मिनट के ब्रेक के बाद परीक्षा आयोजित होगी. |

**नोट:** उम्मीदवारों को अपने स्पोर्ट्स जूते और शॉर्ट्स/ट्रैक पैन्ट्स लाने की सलाह दी जाती है. पुश-अप्स, सिट-अप्स और स्क्वाट्स के लिए अपेक्षित तकनीक पर विस्तृत प्रक्रिया सीएएसबी की वेब पोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in पर प्रदर्शित है.

**28. लिखित परीक्षा:** सभी उम्मीदवार जो पीएफटी परीक्षा में अर्हता प्राप्त करते हैं उन्हें उसी दिन लिखित परीक्षा देनी होगी. लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी और प्रश्नपत्र अंग्रेजी पेपर को छोड़कर द्विभाषी (अंग्रेजी और हिन्दी) होगा. उत्तर, ओएमआर शीट पर अंकित किए जाएं. परीक्षा के आयोजन से पहले विस्तृत प्रक्रिया की व्याख्या दी जाएगी. लिखित परीक्षा की अवधि **45 मिनट** होगी और इसमें 10+2 सीबीएसई पाठ्यविवरण के अनुसार **अंग्रेजी (20 प्रश्न)** और **तर्कशक्ति और सामान्य जागरूकता (आरएजीए) (30 प्रश्न) होंगे. उम्मीदवारों को प्रत्येक पेपर में अर्हता प्राप्त करनी होगी.** लिखित परीक्षा का परिणाम उसी दिन घोषित कर दिया जाएगा.

**लिखित परीक्षा के लिए मार्किंग पैटर्न (वस्तुनिष्ठ):**

**28.1.** प्रत्येक सही उत्तर के लिए 01 अंक.

**28.2.** हल नहीं किए गए प्रश्न के लिए शून्य (0) अंक.

**28.3.** प्रत्येक गलत उत्तर या एक से अधिक उत्तर चुनने पर 0.25 अंक काट लिया जाएगा.

**नोट: प्रश्नपत्र भारतीय वायुसेना का एक गोपनीय दस्तावेज है. सभी उम्मीदवार ध्यान दें और समझें कि प्रश्नपत्र के एक्सेस की अनुमति केवल परीक्षा के दौरान होगी. किसी भी रूप में प्रश्नपत्र उम्मीदवार को परीक्षा के बाद प्रदान नहीं किया जाएगा.**

**29. अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-I:** सभी उम्मीदवार जिन्होंने लिखित परीक्षा को पास किया है उन्हें अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-I (वस्तुनिष्ठ प्रकार लिखित परीक्षा) देनी होगी. यह परीक्षा भारतीय वायु सेना में रोजगार के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता को जांचने के लिए है जिसमें विभिन्न भौगोलिक भूमि, मौसम और ऑपरेशनल स्थितियों में नियुक्ति शामिल है.

**30. अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-II** : सभी उम्मीदवार जिन्होंने अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-I पास की है ,उन्हें स्थानीय स्थितियों के आधार पर उसी या बाद में किसी दिन अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-II देनी होगी. अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-II का उद्देश्य उन उम्मीदवारों का चयन करना है जो भारतीय वायु सेना के पर्यावरण में ढल सकते हैं और मिलिट्री तरीके से अपने आप को एडजस्ट कर सकते हैं.

**31. चिकित्सा परीक्षा:** अडैप्टिबिलिटी परीक्षा-II में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को जोरहट (11 एएससी के लिए) और श्री विजयपुरम (8 एएससी के लिए) में पदनामित चिकित्सा बोर्डिंग केन्द्रों पर सितम्बर के माह में चिकित्सीय रूप से जांचा जाएगा. विषय मुद्दे पर प्रचलन में भारतीय वायु सेना प्रकाशन में भारतीय वायु सेना चिकित्सा मानक और नीति के अनुसार भारतीय वायु सेना चिकित्सा टीम द्वारा चिकित्सा परीक्षा आयोजित की जाएगी. चिकित्सा परीक्षा में निम्नलिखित बेसलाइन अन्वेषण भी शामिल होंगे:

**31.1.** खून हिमोग्राम- एचबी, टीएलसी, डीएलसी, प्लेटलेट्स.

**31.2.** यूरीन आरई/एमई.

**31.3.** जैवरसायन विज्ञान

- 31.3.1 ब्लड शुगर फास्टिंग और पोस्ट प्रांडिल.
- 31.3.2. सिरम कॉलेस्ट्रोल
- 31.3.3. आरएफटी-सीरम यूरिया, यूरिक एसिड, क्रिएटिनाइन
- 31.3.4 एलएफटी- सिरम बाइल्युरूबिन, एसजीओटी, एसजीपीटी.

31.4. रेडियोग्राफ सीना (पीए व्यू).

31.5. निचले पेट और पेल्विस का अल्ट्रासोनोग्राफी **(केवल महिला उम्मीदवारों के लिए)**.

31.6. ईसीजी (आर).

31.7 भर्ती चिकित्सा अधिकारी की राय में अन्य कोई अन्वेषण.

32. चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ घोषित उम्मीदवार, इलैक्ट्रॉनिक मिलिट्री रिसीवेबल ऑर्डर(ई-एमआरओ)/मिलिट्री रिसीवेबल ऑर्डर(एमआरओ) द्वारा सरकारी खजाने/ आरबीआई/एसबीआई में रुपये 40/- जमा करके अपनी अस्वस्थता के लिए 'अपील चिकित्सा बोर्ड'(एएमबी) के विकल्प का लाभ उठा सकते हैं. एएमबी के लिए आवेदन के साथ ई-एमआरओ/एमआरओ की मूल प्रति, अस्वस्थता प्रमाणपत्र की फोटोप्रति को चिकित्सा परीक्षा के तीन कामकाज दिवस के अंदर एएससी के प्रतिनिधि के पास जमा किया जाए.

33. भर्ती चिकित्सा अधिकारी और सशस्त्र बल के विशेषज्ञ डॉक्टर, आरंभिक चिकित्सा परीक्षा, अपील चिकित्सा बोर्ड और नामांकन से पूर्व चिकित्सा परीक्षा के दौरान उम्मीदवार को स्वस्थ या अस्वस्थ घोषित करने के अंतिम प्राधिकारी हैं.

34. उम्मीदवार, रक्षा सेना चिकित्सा मानकों द्वारा शासित होंगे जो सिविल मानकों से अलग हो सकते हैं. अपील चिकित्सा बोर्ड के बाद प्रतिनिधित्व या समीक्षा के लिए कोई प्रावधान नहीं है.

**नोट 1:** उम्मीदवारों को चिकित्सा परीक्षा में आवेदन करने से पहले अपने दांतों से टार्टर और दाग हटाने की सलाह दी जाती है. कान मैल से मुक्त होने चाहिए. उम्मीदवारों को अपनी व्यवस्था पर चार से पांच दिन के लिए चिकित्सा परीक्षा के लिए रूकने के लिए तैयार रहना होगा. कोई भी टीए/डीए स्वीकार्य नहीं है.

**नोट 2:** चिकित्सा परीक्षा में पास होना भारतीय वायु सेना में रोजगार की गारंटी नहीं है.

**नोट 3:** चिकित्सा परीक्षा के केन्द्र या चिकित्सा परीक्षा की तिथि में परिवर्तन के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

## सामान्य:

**35. उम्मीदवारों के लिए सामान्य अनुदेश निम्नानुसार है:**

35.1. उम्मीदवार जब भी चयन परीक्षा और चिकित्सा परीक्षा के लिए रिपोर्ट करते हैं उन्हें पहचान के प्रमाण के रूप में अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा. जम्मू व कश्मीर, लद्दाख, असम और मेघालय से उम्मीदवार जो ओपन भर्ती रैली में प्रस्तुत होने के लिए पात्र हैं और अधिवास अपेक्षा को पूरा करते हैं उन्हें अन्य कोई वैध फोटो पहचान प्रमाण लाना होगा यदि उनके पास आधार कार्ड नहीं है.

35.2. उम्मीदवारों को परीक्षाओं की पूरी अवधि के लिए अपनी व्यवस्था के अधीन रहने के लिए तैयार रहना होगा. **कोई भी टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा.**

**36. अनंतिम चयन सूची (पीएसएल) का प्रकाशन:** राज्य-वार पीएसएल को चयन परीक्षाओं के पूर्ण होने के बाद तैयार किया जाएगा और इसे 14 नवंबर 2026 को अनंतिम रूप से वेब पोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in और 8 एएससी (चेन्नई)और 11 एएससी (गुवाहाटी) में भी प्रदर्शित किया जाएगा. पीएसएल में पुरुष और महिला उम्मीदवारों के नामों को शामिल करना, ओपन भर्ती रैली में उम्मीदवारों के निष्पादन पर निर्भर करेगा और इसे फेज-II परीक्षण और प्रत्याशित राज्य-वार रिक्तियों में राज्य-वार अर्हताप्राप्त उम्मीदवारों की संख्या के सामने राज्य-वार कट-ऑफ अंकों के एप्लीकेशन द्वारा निर्धारित होता है. **पीएसएल में नाम शामिल होने से स्वत: नामांकन की गारंटी नहीं होगी.** भारतीय वायु सेना पीएसएल के प्रकाशन के बाद भी चयन प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. नामांकन, राज्यवार योग्यता के क्रम में ही चिकित्सा स्वस्थता, राज्यवार रिक्तियों की उपलब्धता, नामांकन की तिथि को 22 वर्ष से अधिक नहीं और रखे गए पात्रता मानदंडों को पूरा करने और नामांकन को बुलाए जाने पर होगा. पीएसएल की वैधता, प्रदर्शन की तिथि से छह माह होगी और केवल **अग्निवीरवायु इंटेक सं. 01/2027 के लिए लागू होगी.**

37. यदि कोई उम्मीदवार अनुपस्थित होता है या भारतीय वायु सेना से ना जुड़ने की इच्छा रखता है या स्ट्रीम जिसके लिए वह नामांकित हुआ है में किसी भी कारण अपनी उम्मीदवारी निरस्त करवाता है तो उस तिथि को प्रकाशित अग्निवीरवायु इंटेक के लिए अन्य सभी पीएसएल में उम्मीदवार को अनुपस्थित/अनिच्छा/उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी जहां उसका नाम अंतिम है.

**38. नामांकन सूची: अग्निवीरवायु इंटेक 01/2027** के लिए नामांकन के लिए अंतिम रूप से बुलाए गए उम्मीदवारों की सूची को 01 दिसंबर 2026 को अनंतिम रूप से प्रकाशित किया जाएगा. नामांकन के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को ओपन भर्ती रैली के समय उनके द्वारा दिए गए ईमेल आईडी/डाक पते पर बुलावा पत्र भेजा जाएगा.

39. यदि विज्ञापन के अंग्रेजी और हिन्दी/अन्य किसी क्षेत्रीय भाषांतर में असमानता पाई जाती है तो अंग्रेजी भाषा को वास्तविक माना जाएगा.

40. कोई भी शुद्धिपत्र/परिवर्तन/अपडेट केवल हमारी वेब पोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in पर उपलब्ध होगा. **किसी भी समाचारपत्र/अन्य किसी मीडिया में कोई सूचना नहीं दी जाएगी.** सभी उम्मीदवारों को समय-समय पर सीएएसबी के वेब पोर्टल को देखते रहना होगा.

**41. किसी भी पूछताछ के लिए सीएएसबी, ब्रार स्क्वायर, दिल्ली छावनी, नई दिल्ली-110010, फोन नं: 011-925694209/25699606 (सभी कार्यदिवस पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक) पर संपर्क करें और royal-hunter@gov.in पर मेल करें या निम्नलिखित अनुसार संबंधित एएससी में**

| रैली स्थल | एएससी |
|---|---|
| नगालैंड सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र (एनएपीटीसी) चुमोकेडिमा जिला, नगालैंड, पिन-797103 | कमांडिंग अधिकारी, 11 एयरमेन चयन केन्द्र, वीआईपी चौक, बोरझर, गुवाहाटी, असम- 781015 फोन नं:0361-2840051<br>एक्सटेंशन:7761 और ईमेल: fortune-rhino@gov.in |
| नेताजी स्टेडियम, राजीव गांधी नगर, श्री विजय पुरम, अटलांटा प्वाइंट, पोर्ट ब्लेयर, अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह, पिन-744105 | कमांडिंग अधिकारी, 8 एयरमेन चयन केन्द्र, वायु सेना स्टेशन तांबरम, चेन्नई, तमिलनाडु -600046 फोन नं:9500557930, 040- 22391274 और ईमेल: royal-dove@gov.in |

### डिस्क्लेमर

1. **विज्ञापन में दिए गए नियम व शर्तें केवल दिशानिर्देश हैं और चयनित उम्मीदवारों के लिए समय-समय पर संशोधित अनुसार सरकार द्वारा जारी आदेश लागू होंगे.**
2. **पूर्ण चयन प्रक्रिया, भारतीय वायु सेना की अपेक्षा पर होगी और किसी भी समय बदल सकती है.**

**विस्तृत पाठ्यविवरण, मॉडल प्रश्नपत्र, अनंतिम चयन सूची और नामांकन सूची के लिए सीएएसबी के वेबपोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in पर लॉगऑन करें**

**भारतीय वायु सेना कोई भी कारण बताए बिना किसी भी स्तर पर समग्र चयन प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

**किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार/परीक्षा के दौरान अनुचित तरीके का प्रयोग करने में संलग्न पाए जाने पर उम्मीदवारों को सथायी रूप से निकाल दिया जाएगा.**

भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग

# Directorate General of Quality Assurance
## गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (सिस्टम्स)

**विज्ञापन सं. -CQA(S)/2026/Tech(SS) & Tech(SK)**

1. गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में **07 तकनीशियन (अर्द्ध कुशल)** और **07 तकनीशियन (कुशल)** ग्रुप 'ग', अलिपिकवर्गीय, औद्योगिक पदों की सीधी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित हैं. पदों का विवरण निम्नलिखित है:

**2. रिक्तियों का विवरण**

| क्र. सं. | प्रतिष्ठान कोड | पद | पदों की संख्या | रिक्तियों का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना | अपिव | अजा | अजजा |
| 2.1 | एससी- 009 | तकनीशियन (कुशल) | 04 | 03 | 01 | - | - |
| 2.2 | बीएलआर-006 | तकनीशियन (अर्द्ध कुशल) | 03 | 01 | 01 | - | 01 |
| 2.3 | बीएलआर-046 | तकनीशियन (अर्द्ध कुशल) | 01 | 01 | - | - | - |
| 2.4 | जेबीपी-011 | तकनीशियन (कुशल) | 02 | 02 | - | - | - |
| | | तकनीशियन (अर्द्ध कुशल) | 01 | 01 | - | - | - |
| 2.5 | सीएचडी-002 | तकनीशियन (अर्द्ध कुशल) | 02 | 01 | 01 | - | - |
| 2.6 | एससी-009/1 | तकनीशियन (कुशल) | 01 | 01 | - | - | - |

**प्रयुक्त संक्षिप्ति**

**अना-अनारक्षित; अजा-अनुसूचित जाति; अजजा-अनुसूचित जनजाति; अपिव- अन्य पिछड़ा वर्ग.**

**प्रतिष्ठान कोड:**

| | |
|---|---|
| एससी-009 | गुणवत्ता आश्वासन नियंत्रक (सिस्टम्स)<br>डीजीक्यूए परिसर, मनोविकास नगर पीओ, सिकंदराबाद-500009 |
| बीएलआर-006 | गुणवत्ता आश्वासन नियंत्रक (रडार)<br>जेसी नगर पीओ, बैंगलुरु-560 006 |
| बीएलआर-046 | वरिष्ठ गुणवत्ता आश्वासन स्थापना ( इलैक्ट्रॉनिक्स)<br>डीजीक्यूए परिसर, 1 मेन रोड, एस के गार्डन, बेनसन टाउन पीओ, बैंगलुरु-560046 |
| जेबीपी-011 | वरिष्ठ गुणवत्ता आश्वासन स्थापना (इलैक्ट्रॉनिक्स)<br>गन फैक्टरी पीओ, जबलपुर-482011 |
| सीएचडी-002 | वरिष्ठ गुणवत्ता आश्वासन स्थापना (इलैक्ट व सिस्टम्स)<br>सी/ओ आयुध फैक्टरी, चंडीगढ़-160002 |
| एससी-009/1 | वरिष्ठ गुणवत्ता आश्वासन स्थापना (सिस्टम्स)<br>डीजीक्यूए परिसर, मनोविकास नगर पीओ, सिकंदराबाद-500009 |

3. चयनित उम्मीदवारों को शुरू में निम्नलिखित स्टेशनों पर दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा और वे भारत सरकार के नियमों के अनुसार अपेक्षित अनुसार क्षेत्रीय/दूर क्षेत्रों सहित भारत संघ की सीमाओं के अंदर कही भी सेवा देने के बाध्य हैं:

3.1 सिकंदराबाद, तेलंगाना
3.2 बैंगलुरु, कर्नाटक
3.3 जबलपुर, मध्य प्रदेश
3.4 चंडीगढ़

4. **वेतनमान : तकनीशियन (अर्द्ध कुशल)** के लिए वेतन मैट्रिक्स लेवल-1 (रुपये 18000-56900) और **तकनीशियन (कुशल)** के लिए वेतन मैट्रिक्स लेवल-2 (रुपये 19900-63200) 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के अनुसार. भर्ती किए गए उम्मीदवार, कथित वेतन लेवल के अनुसार वेतन आहरित करेंगे और महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, बच्चों की शिक्षा भत्ता, छुट्टी यात्रा रियायात, चिकित्सा सुविधाएं, सीएसडी सुविधाएं और मौजूदा भारत सरकार के नियमों के अनुसार अन्य भत्ते/अग्रिम सहित अन्य लाभ के हकदार होंगे. भर्ती किए गए उम्मीदवार, मौजूदा भारत सरकार के नियमों के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस)/यूनीफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) के अधीन कवर होंगे.

5. **पोस्टिंग की शर्तें और पोस्टिंग स्टेशन की प्राथमिकताएं** : प्रत्येक उम्मीदवार को विशिष्ट पद अंकित करके केवल एक आवेदन जमा करना होगा. उसके बाद पद में किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा. डीजीक्यू, संगठन की अपेक्षा के आधार पर या योग्यता के क्रम द्वारा भारत में कहीं भी पोस्ट करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है.

**6. पात्रता मानदंड :**

**6.1 राष्ट्रीयता :**

**केवल भारतीय नागरिक आवेदन करें.**

6.2 योग्यता :

| पद का नाम | पात्रता शर्तें/योग्यता |
|---|---|
| तकनीशियन (कुशल) | **अनिवार्य : (i)** मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक (10वीं कक्षा पास) या समकक्ष.<br>**(ii)** विशिष्ट व्यवसाय में आई.टी.आई पास प्रमाणपत्र या केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित इसके समकक्ष रक्षा सेवा ट्रेड्समेन पाठ्यक्रम.<br>**अनुभव :** मान्यताप्राप्त संगठन या उपक्रम से विशिष्ट व्यवसाय में एक वर्ष का अनुभव. |
| तकनीशियन (अर्द्ध कुशल) | **अनिवार्य :** किसी भी व्यवसाय में आईटीआई पास या केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित इसके समकक्ष रक्षा सेवा ट्रेड्समेन पाठ्यक्रम. |

**6.2.1. यदि उम्मीदवार कोई भी अतिरिक्त योग्यता धारक है या अंतिम तिथि को अतिरिक्त योग्यता प्राप्त कर रहा है तो इसे आवेदन पत्र में उल्लिखित किया जाए.**

**6.3 आयु सीमा**

**6.3.1** उम्मीदवार को आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार 18-27 वर्ष के बीच होना चाहिए. आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा भरी गई जन्मतिथि 10वीं/मैट्रिक प्रमाणपत्र या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र के अनुसार होनी चाहिए. उम्मीदवारों से अनुरोध किया जाता है कि वे आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में जमा नहीं करें.

**6.3.2 नीचे टेबल में निम्नलिखित श्रेणियों/समुदायों के लिए आयु में छूट मानदंड, अपेक्षित प्रमाणपत्रों के जमा होने पर लागू है :**

| श्रेणी | ऊपरी आयु सीमा से अधिक अनुमत आयु में छूट |
|---|---|
| अजा/अजजा | 05 वर्ष (केवल अजा/अजजा के लिए आरक्षित रिक्तियों के मामले में उपलब्ध) |
| अपिव | 03 वर्ष (केवल अपिव के लिए आरक्षित रिक्तियों के मामले में उपलब्ध) |
| भूतपूर्व सैनिक (सामान्य/अना) | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार वास्तविक आयु में से प्रदत्त मिलिट्री सेवा को कम करने के बाद 03 वर्ष |
| भूतपूर्व सैनिक (अपिव) | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार वास्तविक आयु में से प्रदत्त मिलिट्री सेवा को कम करने के बाद 06 वर्ष (03 वर्ष + 03 वर्ष) |
| भूतपूर्व सैनिक (अजा/अजजा) | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार वास्तविक आयु में से प्रदत्त मिलिट्री सेवा को कम करने के बाद 08 वर्ष (03 वर्ष + 05 वर्ष) |
| न्यूनतम 03 वर्ष की सेवा के साथ विभागीय उम्मीदवार | 40 वर्ष तक की आयु (अना)<br>43 वर्ष तक की आयु (अपिव)<br>45 वर्ष तक की आयु (अजा/अजजा) |

**6.3.3** यह ध्यान दिया जाए कि आरक्षित श्रेणी में उम्मीदवारी तब तक अनंतिम रहेगी जब तक नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा संबंधित दस्तावेजों की सत्यता को सुनिश्चित किया जाता है.

**6.3.4.** अजा/अजजा/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/भूपूसै से संबंधित उम्मीदवारों को निम्नलिखित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र/अन्य संबंधित प्रमाणपत्र की अद्यतन प्रति संलग्न करनी होगी :-

**6.3.4.1.** जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/कलैक्टर /उपायुक्त/अतिरिक्त उपायुक्त/उप कलैक्टर/प्रथम श्रेणी वेतनिक मजिस्ट्रेट/उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट/तालुका मजिस्ट्रेट/कार्यकारी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक आयुक्त (प्रथम श्रेणी वेतनिक मजिस्ट्रेट के ओहदे से ऊपर).

**6.3.4.2.** मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट/मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट.

**6.3.4.3.** मेट्रोपॉलिटन तहसीलदार के ओहदे से ऊपर का राजस्व अधिकारी और उस क्षेत्र का उप प्रभागीय अधिकारी जहां उम्मीदवार और या उसका परिवार रहता है.

6.4. आयु में छूट का दावा करने वाले केन्द्र सरकार सिविलियन कर्मचारियों के पास निरंतर सेवा जो आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार तीन वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए, के संदर्भ में उनके कार्यालय से निर्धारित प्रारूप (**परिशिष्ट-1**) में प्रमाणपत्र धारक होना चाहिए. उन्हें चयन की प्रक्रिया में नियुक्ति के समय तक आवेदन की तिथि से केन्द्र सरकार सिविलियन कर्मचारियों का ओहदा होना चाहिए.

7. **अयोग्यता** : कोई भी व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं है जो :-

**7.1** ऐसे व्यक्ति से विवाह करना जिसका जीवनसाथी जीवित है, **या**

**7.2** जीवनसाथी के जीवित रहते हुए अन्य किसी व्यक्ति से विवाह करना बशर्ते सरकार यदि संतुष्ट होती है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्तियों विवाह की अन्य पार्टी के लिए लागू निजी कानून के अधीन अनुमत है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, इस नियम के ऑपरेशन से किसी व्यक्ति को छूट है.

**7.3** अपराधों के संबंध में अभियुक्त है/ट्रॉल के अधीन है.

7.4 **चिकित्सा स्वस्थता** :

**7.4.1** उम्मीदवारों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और शारीरिक विकृति, जो कार्यों के प्रभावी निर्वहन में बाधा उत्पन्न कर सकता है, से मुक्त होना चाहिए. अनंतिम रूप से लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों को नियुक्ति के प्रस्ताव के जारी होने से पहले सक्षम प्राधिकारी (सरकारी अस्पताल) द्वारा निर्धारित अनुसार चिकित्सा परीक्षा देनी होगी. यदि उम्मीदवार अस्वस्थ पाया जाता है तो उसे नियुक्त नहीं किया जाएगा.

**7.4.2** निर्धारित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा निर्धारित अनुसार रतौंधी से ग्रसित उम्मीदवारों को पद की नियुक्ति के लिए चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ घोषित किया जाएगा. ऐसे उम्मीदवारों पर भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उनके निष्पादन के बावजूद नियुक्ति प्रदान या चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा. ऐसी दृष्टि त्रुटिसंबंधी पदनामित चिकित्सा बोर्ड/चिकित्सा अधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा.

8. **आवेदन कैसे करें** : लिफाफे के ऊपर ...................... **{तकनीशियन (अर्द्ध कुशल)/तकनीशियन (कुशल)} के पद हेतु आवेदन और श्रेणी "..................."** (अर्थात् अजा/अजजा/अपिव/अना) साफ-साफ लिखना होगा और निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ निम्नलिखित पते पर केवल पंजीकृत/स्पीड डाक द्वारा भेजना होगाः-

**गुणवत्ता आश्वासन नियंत्रक (सिस्टम्स)**
**डीजीक्यूए तकनीकी परिसर, मनोविकास नगर पी.ओ**
**सिकंदराबाद-500009**

**8.1** अंग्रेजी में टाइप किए गए **परिशिष्ट 'क'** के अनुसार निर्धारित प्रारूप में विधिवत पूर्ण आवेदन (ए4 आकार के कागज पर) के साथ **तकनीशियन (एसएस)** के पद के लिए **परिशिष्ट 'ख'/तकनीशियन (एसके)** के पद के लिए **परिशिष्ट 'ग'** के अनुसार प्रवेश पत्र की दूसरी प्रति.

**8.2** लिखित परीक्षा के लिए पात्र उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र भेजने के लिए आवेदन के साथ रुपये 55/- की डाक मुहर चिपका कर एक स्व पता लिखित लिफाफा (30 सेमी X 12 सेमी) जमा किया जाना चाहिए. स्व पता लिखित लिफाफे पर गलत डाक पते के लिखे, छपने के कारण प्रवेश पत्र की अप्रप्ति के लिए संगठन जिम्मेदार नहीं होगा. आवेदक के पास प्रवेश पत्र पहुंचना सुनिश्चित करने के लिए लिफाफे पर उल्लिखित पते की सत्यता सुनिश्चत करने की जिम्मेदारी आवेदक की है. प्रवेश पत्र/पते पर ओवर राइटिंग करने की अनुमति नहीं है.

**8.3** तीन हाल के पासपोर्ट आकार के फोटो, आवेदन पत्र पर उपयुक्त जगह पर चिपकाया जाए और अन्य दो को स्व हस्ताक्षर करके प्रवेश पत्र में प्रत्येक को उपयुक्त स्थान पर चिपकाया जाए.

**8.4** सरकारी सेवा/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से अपने आवेदन के साथ कार्यालय/प्रतिष्ठान अध्यक्ष से यह प्रमाणपत्र कि उसके खिलाफ कोई भी अनुशासनिक या सतर्कता मामला लंबित अथवा अवेक्षित नहीं है और यह कि चयन के मामले में उसको कार्य मुक्त करने में उन्हें कोई आपत्ति

(क्रमशः)

नहीं है का प्रमाण पत्र अग्रेषित किया जाना चाहिए. "**अनापत्ति प्रमाण पत्र**" नहीं होने पर आवेदन को किसी सूचना के बिना सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा.

9. **आवेदन की अंतिम तिथि:** उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, 28 अगस्त, 2026 होगी। जबकि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले का लाहौल व स्पीति जिला और पांगी उप प्रभाग, अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में रहे रहे उम्मीदवारों के आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 4 सितम्बर, 2026 होगी।

10. **चयन का माध्यम**

10.1 पात्र उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में प्रस्तुत होना होगा. लिखित परीक्षा केवल वस्तुनिष्ठ प्रकार-बहु विकल्प प्रश्न की होगी. लिखित परीक्षा में हल किए गए प्रश्नों के गलत उत्तर के लिए कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी. लिखित परीक्षा में लघुसूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों को व्यवसाय परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा. कोई साक्षात्कार नहीं होगा.

10.2. **लिखित परीक्षा की योजना** : लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार-बहु विकल्प प्रश्न) के प्रश्नपत्रों के लिए पाठ्य विवरण पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक योग्यता के अनुसार होगा और निम्नलिखित अनुसार प्रकाशित पहलुओं को कवर करेगा. परीक्षा की अवधि 90 मिनट की होगी.

| लिखित परीक्षा भाग | विषय | प्रश्न | लिखित अंक |
|---|---|---|---|
| (i) | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क शक्ति | 25 | 25 |
| (ii) | सामान्य जागरूकता | 25 | 25 |
| (iii) | अंग्रेजी भाषा और कॉम्प्रीहेंशन | 25 | 25 |
| (iv) | संख्यात्मक अभिक्षमता | 25 | 25 |
| कुल अंक | | | 100 |

10.3. प्रश्नपत्र का भाग (i), (ii) और (iv) अंग्रेजी और हिन्दी में होगा और भाग (iii) केवल अंग्रेजी में होगा.

10.4. **लिखित परीक्षा के बाद उम्मीदवारों का लघु सूचीकरण:**
उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों और आरक्षण की श्रेणी के आधार पर लघुसूचीबद्ध किया जाएगा.

10.5. लिखित परीक्षा के बाद लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों के लिए व्यवसाय परीक्षा (100 अंकों की) भी आयोजित होगी. व्यवसाय परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंक 40 अंक होंगे.

10.6. **योग्यता सूची/परिणाम:** लिखित परीक्षा और व्यवसाय परीक्षाओं के आयोजन के बाद व्यवसाय और प्रतिष्ठान के आधार पर योग्यता सूची तैयार की जाएगी.

10.7. **टाई मामलों का निवारण:** यदि एक से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते हैं तो टाई को एक के बाद एक निम्नलिखित तरीकों का प्रयोग करके सुलझाया जाएगा.

10.7.1. जन्म तिथि, अधिक उम्र वाले उम्मीदवारों को ऊपर रखा जाएगा.

10.7.2. संख्यात्मक अभिक्षमता फिर तर्क शक्ति और फिर सामान्य जागरूकता में उच्च अंकों के साथ.

10.6. चयनित उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उनके चयन के बारे में सूचित किया जाएगा.

10.7. परीक्षा में सफल होने से उम्मीदवार को नियुक्ति का अधिकार प्रदान नहीं होता, जब तक ऐसी पूछताछ, यदि आवश्यक है, के बाद सरकार संतुष्ट नहीं होती कि उम्मीदवार सेवा/पद की नियुक्ति के लिए सभी रूपों में योग्य है.

11. **परीक्षा का स्थान और तिथि:** परीक्षा की सही तिथि, समय और स्थान को प्रवेश पत्र द्वारा सूचित किया जाएगा.

12. **नियुक्ति पत्र:** अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, आवेदन के भाग के रूप में जमा किए गए दस्तावेजों की सत्यता पर ही आधारित होगी जिसमें पात्रता मानदण्ड के लिए अपेक्षित समर्थित दस्तावेज, आरक्षित श्रेणी प्रमाणपत्र (अनारक्षित उम्मीदवारों के लिए लागू नहीं), चिकित्सा परीक्षा रिपोर्ट, चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन और भारत सरकार द्वारा उल्लिखित और आवेदन में उल्लिखित अनुसार अन्य कोई ऐसी अपेक्षा शामिल है.

13. **सामान्य अनुदेश:**

13.1 परीक्षा के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना होगा कि वे परीक्षा के प्रवेश के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं. परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने पर पूर्णतः अनंतिम होगा. यदि सत्यापन पर किसी भी समय यह पाया जाता है कि वे किसी भी पात्रता शर्त को पूरा नहीं करते हैं तो परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी को निरस्त/सेवा को समाप्त कर दिया जाएगा, यदि पहले से नियुक्त हैं.

13.2 अंतिम तिथि के बाद आवेदन (डाक विलंब के कारण भी) को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा और किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

13.3 निम्नलिखित कृत्य/चूक उम्मीदवार/आवेदक को अयोग्य/आवेदन को अस्वीकार कर देगा :-

13.3.1. निर्धारित प्रारूप (ए4 आकार) में नहीं या अपूर्ण या हस्ताक्षर के बिना या तिथि के बिना गलत भरे गए आवेदन.

13.3.2. झूठी, गलत या छेड़-छाड़ की गई या संदिग्ध जानकारी प्रस्तुत करना.

13.3.3 आयु, योग्यता, जाति, असमर्थता, सेवा मुक्ति आदि लागू अनुसार, के समर्थन में निर्धारित प्रमाणपत्रों की स्वसत्यापित प्रतियों के बिना आवेदन.

13.3.4 बोर्ड अधिकारी द्वारा पाए गए अन्य कोई मानित अनियमितता या कारण.

13.3.5 किसी भी रूप में सिफारिश और/या कोई भी प्रभाव राजनीति या अन्य रूप से लाना अयोग्यता मानी जाएगी.

13.3.6 यदि उम्मीदवार अनिवार्य योग्यता का धारक नहीं पाया जाता है.

13.3.7 यदि सरकारी प्रतिष्ठान में कार्यरत उम्मीदवार के आवेदन एनओसी के साथ उचित माध्यम द्वारा प्राप्त नहीं होते हैं.

13.3.8 यदि आवेदक द्वारा धारित किसी भी उच्च योग्यता को आवेदन पत्र में उल्लिखित नहीं किया गया है.

13.3.9 आवेदन में प्रविष्टियों को दोबारा नहीं लिखा जाना चाहिए, इसलिए उम्मीदवारों को आवेदन अग्रेषित करने से पहले ओवर राइटिंग/गलतियों से बचने की सलाह दी जाती है. उम्मीदवारों को ओवर राइटिंग/गलतियों से बचने के लिए आवेदन पत्र को प्रमुखतया टाइप करने की सलाह दी जाती है.

14. **यात्रा और आवास**

14.1 लिखित परीक्षा/व्यवसाय परीक्षा के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं है. लिखित परीक्षा की अवधि एक दिन की होगी.

14.2. लघु सूचीबद्ध उम्मीदवारों के नाम प्रमुखतया लिखित परीक्षा के दिन या अगले दिन प्रकाशित किए जाएंगे. व्यवसाय परीक्षा, उम्मीदवारों के लघु सूचीकरण के बाद आयोजित होगी.

14.3. उम्मीदवारों को लिखित/व्यवसाय परीक्षा के दौरान आवास/भोजन की व्यवस्था खुद करनी होगी.

15. भर्ती प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर कोई भी कारण, कोई भी सूचना दिए बिना निरस्त/स्थगित/निलंबित/समाप्त किया जा सकता है.

16. **दुर्व्यवहार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के खिलाफ कार्रवाई:** चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर तथ्यों को गलत प्रस्तुत करने या छिपाने या झूठा प्रस्तुत करने से उम्मीदवारी को किसी सूचना के बिना निरस्त कर देगा और इस संदर्भ में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि यदि वे निम्नलिखित में से किसी में भी लिप्त पाए जाते हैं तो भर्ती के किसी स्तर पर उनकी उम्मीदवारी को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा.

16.1. अनुचित तरीकों या अपराधों की घटनाएं.

16.2 परीक्षा केन्द्रों के परिसर के अंदर प्रतिबंधित आइटमों का धारक होना.

16.3. भर्ती के किसी प्रश्न पत्र को लीक करने या अप्राधिकृत एक्सेस को प्राप्त करने के लिए किसी भी योजना/प्रयास के साथ किसी पत्र में संलग्नता या परीक्षा में अनुचित तरीकों का प्रयोग करना या दुर्व्यवहार में लिप्त होना.

16.4. फटे या छेड़छाड़ किए गए दस्तावेज जमा करना.

16.5 गलत या झूठे कथन देना या सामग्री जानकारी छुपाना.

16.6 किसी का रूप धारण करना.

16.7. परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में अनियमित या अनुचित तरीकों को अपनाना.

16.8 निरीक्षक/ओआईसी/परीक्षा ड्यूटी पदधारियों के साथ परीक्षा हॉल में किसी भी तरीके से दुर्व्यवहार करना.

16.9. किसी भी रूप में सिफारिश या परीक्षा में अवरोध उत्पन्न करने का प्रयास करना.

16.10. परीक्षा हॉल में या व्यवसाय परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन आदि के दौरान हथियारों, आपत्तिजनक आइटमों और इलेक्ट्रोनिक गजट ले जाना.

16.11. उक्त पैरा 2 में उल्लिखित सभी छह स्थापनाओं के किसी भी कर्मचारी/सेवानिवृत्त कर्मचारी के पास उम्मीदवारों/रिश्तेदारों का जाना प्रतिबंधित है. ऐसे कृत्य, भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उम्मीदवार को अयोग्य बना देगा. अयोग्य होने के साथ उम्मीदवार द्वारा अपनाए गए किसी भी फर्जी तरीकों से भूमि/भारत सरकार के नियमों/अधिनियमों के नियम के अनुसार कार्रवाई के लिए भी बाध्य होंगे. यदि किसी के द्वारा उम्मीदवार के पास जाया जाता है तो उसे संगठन के संज्ञान में लाया जाएगा. डिफाल्टर उम्मीदवार को मौजूदा सरकारी नियमों के अनुसार भविष्य की भर्तियों के लिए स्थायी रूप से या एक विशिष्ट अवधि के लिए निकाल लिया जाएगा. इसके अतिरिक्त डीजीक्यूए, ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ कोई विधि कार्रवाई शुरू करने या एफआईआर लॉज करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. उम्मीदवारों को किसी भी आधार पर जो संगठन को उम्मीदवारी के ऐसे निरस्तीकरण के लिए पर्याप्त कारण मानता है, उसपर भर्ती के किसी भी स्तर पर भी निरस्त किया जा सकता है.

16.12. **चेतावनी और कानूनी क्षेत्राधिकार**
उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे फर्जी भर्ती विज्ञापनों और डीजीक्यूए के नाम/लोगो का प्रयोग करके गलत तरीके से कुछ अनैतिक तत्वों द्वारा दिए जाने वाले नौकरी प्रस्तावों के जाल में न फंसें. इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित कोई भी विवाद केवल हैदराबाद में क्षेत्राधिकार में आने वाले न्यायालयों/अधिकरणों में सुलझाया जाएगा.

**परिशिष्ट 'क'**

**आवेदन प्रारूप**
**(केवल बड़े अक्षरो में भरा जाए)**

**आवेदित पद का नाम :** ..........................................

**विज्ञापन सं. और तिथि :** ..........................................

**स्वसत्यापित पासपोर्ट आकार फोटो चिपकाएं**

1. उम्मीदवार का नाम (बड़े अक्षरों में) :
2. पिता/पति का नाम :
3. क्या आप अजा/अजजा/अपिव/ शावि/भूतपूर्व सैनिक से संबंधित हैं (कृपया श्रेणी का उल्लेख करें) (सक्षम प्राधिकारी/सिविल सर्जन से जारी आवश्यक प्रमाणपत्र संलग्न करें) :
4. (क) जन्मतिथि (ईस्वी सन् में) :
   (ख) आयु (अंतिम तिथि के अनुसार) :
   (ग) क्या आयु में छूट का दावा किया गया है. : हां/नहीं
   (घ) यदि 4 (ग) का जवाब हां है तो आयु में छूट का कारण बताएं :
5. राष्ट्रीयता :
6. लिंग (पुरुष/महिला) :
7. आधार संख्या :
8. शैक्षिक योग्यता (मैट्रिक या समकक्ष से शुरू करते हुए) :

| परीक्षा | परीक्षा का विश्वविद्यालय/बोर्ड | वर्ष | विषय | श्रेणी और अंकों का % |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

9. वृत्तिक/तकनीकी योग्यता, यदि कोई है :
10. अनुभव, यदि कोई, अंतिम आहरित वेतन दिखाता हुआ :

| धारित पद | ईएसटीटी का नाम | कब से | कब तक | अंतिम आहरित वेतन | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. पत्राचार हेतु वर्तमान डाक पता :
12. स्थायी पता :
13. अन्य कोई अतिरिक्त जानकारी :
14. फोन नंबर या मोबाइल नंबर या वैकल्पिक नंबर :
15. ईमेल आईडी :
16. डीजीक्यूए संगठन में रिश्तेदार कार्यरत है : हां/नहीं
17. क्या आपको कभी भारत या विदेश के न्यायालय में दोषी ठहराया गया है या क्या आपके खिलाफ कोई भी आपराधिक मामला/ नैतिक उल्लंघन लंबित है : हां/नहीं
18. क्या आपके खिलाफ कोई विभागीय पूछताछ, अनुशासनिक कार्यवाही लंबित है या पिछले रोजगार के दौरान निलंबित हुए हैं. : हां/नहीं
19. क्या आपको किसी पद से निलंबित, निकाला या त्यागपत्र देने का कहा गया है : हां/नहीं

(क्रमशः)

घोषणाः-

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में प्रस्तुत सभी जानकारी मेरे अधिकतम विश्वास और जानकारी के अनुरूप सत्य, पूर्ण और सही है. यदि कोई भी जानकारी झूठी या गलत पाई जाती है या बाद के किसी स्तर पर या परीक्षा/साक्षात्कार के पहले या बाद में अपात्रता पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी रद्द मानी जाएगी और भर्ती के लिए दावों को नकार दिया जाएगा.

स्थान : ..................

तिथि : ..................

आवेदक के हस्ताक्षर

उल्टे हाथ के अंगूठे का निशान (पुरुष)
सीधे हाथ के अंगूठे का निशान (महिलाएं)

संलग्नकः

1. शैक्षिक/तकनीकी योग्यता/अनुभव की स्वसत्यापित प्रतियां.
2. जन्मतिथि प्रमाणपत्र की स्वसत्यापित प्रति.
3. जाति प्रमाणपत्र की स्वसत्यापित प्रति.
4. रुपये 55/- की मुहर के साथ स्वपता लिखित लिफाफा.
5. आधार कार्ड की स्वसत्यापित प्रति.

परिशिष्ट 'ख'

गुणवत्ता आश्वासन नियंत्रक (सिस्टम्स)
सिकंदराबाद-500 009
प्रवेश पत्र
(डबल स्पेस के साथ अलग कागज पर)
(प्रवेश पत्र की दूसरी प्रति जमा की जानी चाहिए)
(क्र.सं. 1,2,3 और 4 को केवल उम्मीदवार द्वारा भरा जाए)

विज्ञापन सं.

1. नाम (बड़े अक्षरों में) :
2. पिता/पति का नाम :
3. पत्राचार हेतु पूरा पता
   पिन कोड और ईमेल आईडी के साथ
4. आवेदित पद : तकनीशियन (अर्द्ध कुशल)
   व्यवसाय..........................
   स्थापना कोड....................

स्वसत्यापित पासपोर्ट आकार फोटो चिपकाएं

उल्टे हाथ के अंगूठे का निशान (पुरुष)
सीधे हाथ के अंगूठे का निशान (महिलाएं)

आवेदक के हस्ताक्षर

केवल कार्यालय प्रयोग हेतु

5. परीक्षा की तिथि :
6. परीक्षा का समय :
7. परीक्षा का स्थान :
8. रोल संख्या :

नोटः

9. जन्मतिथि, श्रेणी, योग्यता, अनुभव आदि संबंधी मूल में सभी दस्तावेज/प्रमाणपत्रों को परीक्षा/साक्षात्कार के समय प्रस्तुत कियाा जाना चाहिए, ऐसा ना करने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी.

प्रशासनिक अधिकारी
सीक्यूए (एस), सिकंदराबाद

परिशिष्ट 'ग'

गुणवत्ता आश्वासन नियंत्रक (सिस्टम्स)
सिकंदराबाद-500 009
प्रवेश पत्र
(डबल स्पेस के साथ अलग कागज पर)
(प्रवेश पत्र की दूसरी प्रति जमा की जानी चाहिए)
(क्र.सं. 1,2,3 और 4 को केवल उम्मीदवार द्वारा भरा जाए)

विज्ञापन सं.

1. नाम (बड़े अक्षरों में) :
2. पिता/पति का नाम :
3. पत्राचार हेतु पूरा पता :
   पिन कोड और ईमेल आईडी के साथ
4. आवेदित पदः : तकनीशियन (कुशल)
   व्यवसाय..........................
   स्थापना कोड....................

स्वसत्यापित पासपोर्ट आकार फोटो चिपकाएं

उल्टे हाथ के अंगूठे का निशान (पुरुष)
सीधे हाथ के अंगूठे का निशान (महिलाएं)

आवेदक के हस्ताक्षर

केवल कार्यालय प्रयोग हेतु

5. परीक्षा की तिथि :
6. परीक्षा का समय :
7. परीक्षा का स्थान :
8. रोल संख्या :

नोटः

9. जन्मतिथि, श्रेणी, योग्यता, अनुभव आदि संबंधी मूल में सभी दस्तावेज/प्रमाणपत्रों को परीक्षा/साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किया जाना चाहिए, ऐसा ना करने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी.

प्रशासनिक अधिकारी
सीक्यूए (एस), सिकंदराबाद

परिशिष्ट-I

आयु में छूट चाहने वाले केन्द्र सरकारी सिविलियन कर्मचारियों द्वारा प्रमाणपत्र प्रारूप जमा किया जाए
(उस कार्यालय या विभाग के अध्यक्ष द्वारा भरा जाए, जहां उम्मीदवार कार्यरत है)

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि * श्री/श्रीमती/कुमारी .................................. एक केन्द्र सरकारी कर्मचारी है जो अंतिम तिथि के अनुसार ग्रेड में 3 वर्ष से अधिक की नियमित सेवा के साथ ............................ रुपये के वेतनमान में .................. का पद धारण किए हुए है.

2. परीक्षा .................. और/या परीक्षा के ....................... कौशल परीक्षा के लिए प्रस्तुत होने में कोई आपत्ति नहीं है. उम्मीदवार को पद के लिए उनके चयन पर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

हस्ताक्षर : ....................
नाम : ....................
कार्यालय मुहर
स्थान : ....................
तिथि : ....................

(* कृपया उन शब्दों को काट दें जो लागू नहीं हैं)

# रेल पहिया कारखाना

महाप्रबंधक का कार्यालय, कार्मिक विभाग, यलहंका, बेंगलूरु - 560 064.
वेबसाइटः www.rwf.indianrailways.gov.in

**अधिसूचना संख्याः आरडब्ल्यूएफ/आरसी-101/996, दिनांकः 25.07.2026**

## रेल पहिया कारखाना में वर्ष 2026-27 के लिए आरएस(आरपी) नियम, 2016 के तहत लेवल-2 और लेवल-1 के पदों पर खिलाड़ियों की भर्ती

रेल पहिया कारखाना, यलहंका, बेंगलूरु - 560 064, वर्ष 2026-27 के लिए स्पोर्ट्स कोटा (खुला विज्ञापन) के तहत VII सीपीसी पे मैट्रिक्स के लेवल-2 (जीपी 1900) और लेवल-1 (जीपी 1800) में भर्ती किए जाने वाले पंद्रह (15) पदों के लिए योग्य खिलाड़ियों से तय फ़ॉर्मेट में आवेदन आमंत्रित करती है।

**आयुः 01.01.2027 को 18-25 साल।**

ऊपर बताई गई भर्ती के लिए खेल / डिसिप्लिन / गेम / इवेंट और पदों के बंटवारे की जानकारी इस प्रकार हैः

| क्र. सं. | खेल / डिसिप्लिन / गेम का नाम | इवेंट / स्थान | पे लेवल-2 में पदों की संख्या | पे लेवल-1 में पदों की संख्या | खिलाड़ियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बैडमिंटन (पुरुष) | सिंगल्स | 02 | - | 02 |
| 2 | बैडमिंटन (महिला) | | 02 | - | 02 |
| 3 | टेबल टेनिस (पुरुष) | सिंगल्स | 02 | - | 02 |
| 4 | टेबल टेनिस (महिला) | | 02 | - | 02 |
| 5 | क्रिकेट (पुरुष) | बल्लेबाज | 01 | - | 01 |
| 6 | हॉकी (पुरुष) | मिड-फील्डर | 01 | - | 02 |
| | | फॉरवर्ड | - | 01 | |
| 7 | कबड्डी (पुरुष) | लेफ्ट रेडर | - | 01 | 02 |
| | | ऑल-राउंडर | - | 01 | |
| 8 | फुटबॉल (पुरुष) | डिफेंडर | - | 02 | 02 |
| | कुल | | 10 | 05 | 15 |

ज़रूरी खेल मानकों और आवेदन की फ़ॉर्म सहित विस्तृत अधिसूचना के लिए, आरडब्ल्यूएफ की वेबसाइट **www.rwf.indianrailways.gov.in** पर जाएं।

आवेदन प्राप्त करने की आखिरी तारीख सभी उम्मीदवारों के लिए **24.08.2026** है, सिवाय उन उम्मीदवारों के जो दूर-दराज के इलाकों में रहते हैं (जैसा कि अधिसूचना में बताया गया है), जिनके लिए आवेदन प्राप्त करने की आखिरी तारीख **31.08.2026** है।

ह/-
प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी

# एसजेवीएन लिमिटेड SJVN Limited

(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
नवरत्न सीपीएसई A Navratna CPSE
CIN No. L40101HP1988GOI008409

## प्रगतिशील संगठन में करियर के अवसर

**विज्ञापन सं: 127/2026** **अंतिम तिथि: 26/08/2026**

एसजेवीएन लिमिटेड, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन नवरत्न सीपीएसई है, जिसकी स्थापना 24 मई, 1988 को भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार के संयुक्त उद्यम के रूप हुई थी। एसजेवीएन ने अपने कारोबार को अलग-अलग क्षेत्रों में फैलाने की महत्वाकांक्षी योजनाएँ बनाई हैं तथा पारंपरिक और गैर-पारंपरिक ऊर्जा के सभी रूपों और विद्युत ट्रांसमिशन के क्षेत्र में कार्य करने वाली, पूर्ण रूप से विविध गतिविधियों वाली एक अंतरराष्ट्रीय विद्युत कंपनी के रूप में विकसित कर रहा है।

कंपनी अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसटीपीएल, जो बिहार में 1320 मेगावाट बक्सर ताप विद्युत परियोजना का क्रियान्वयन कर रही है, के लिए ताप विद्युत संयंत्र के इरेक्शन, कमीशनिंग तथा ओ एंड एम में अनुभव रखने वाले अनुभवी पेशेवरों से निम्नवत विवरणानुसार आवेदन आमंत्रित करती है।

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं पदों की संभावित संख्या**

| विधा | पद/स्तर | पदों की संख्या | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| विद्युत/ यांत्रिक | मुख्य महाप्रबंधक / ई8 (ए) | 1 | भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विद्युत / विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स / यांत्रिक अभियांत्रिकी में पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री। |
| यांत्रिक | उप प्रबन्धक/ ई4 | 3 | भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से यांत्रिक अभियांत्रिकी में पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री। |
| | अभियंता / ई2 | 6 | |
| विद्युत | उप प्रबन्धक/ ई4 | 3 | भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विद्युत / विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी में पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री। |
| | अभियंता / ई2 | 3 | |
| सी एंड आई | उप प्रबन्धक/ ई4 | 1 | भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विद्युत / विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/इन्स्ट्रूमेंटशन एंड कंट्रोल / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इन्स्ट्रूमेंटेशन अभियांत्रिकी में पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री। |
| | अभियंता / ई2 | 2 | |
| केमिकल | उप प्रबन्धक/ ई4 | 1 | भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से केमिकल अभियांत्रिकी में पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री / रसायन विज्ञान में एम.एससी. डिग्री। |
| | अभियंता / ई2 | 1 | |
| योग | | 21 | |

(अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांगजन श्रेणी के लिए 50% या उससे अधिक तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए 55% अंक वाले अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।)

नोटः

**(i) उपर्युक्त दर्शाए गए पदों की संख्या अस्थायी है तथा आवश्यकता के अनुसार एसजेवीएन प्रबंधन के पूर्ण विवेकाधिकार पर इसमें परिवर्तन किया जा सकता है।**

**(ii) विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया एसजेवीएन की वेबसाइट www.sjvn.nic.in के 'करियर' पेज पर जाएँ।** अभ्यर्थियों को एसजेवीएन की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा इसके पश्चात आवेदन-पत्र (प्रीव्यू) का प्रिंटआउट लेकर, उसे शुल्क भुगतान रसीद तथा संबंधित दस्तावेजों सहित एसजेवीएन को प्रेषित करना होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| गतिविधि | तिथि |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ होने की तिथि | 05/08/2026 (प्रातः 10:00 बजे से) |
| वेबसाइट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 26/08/2026 (रात्रिः 11:59 बजे) |
| एसजेवीएन कार्यालय में आवेदन-पत्र की प्रिंट प्रति, शुल्क भुगतान रसीद एवं प्रमाण-पत्रों सहित प्राप्ति की अंतिम तिथि | 15/09/2026 |

**असिस्टेंट वीडियो एडिटर**

यह पद शुरुआती युवाओं के लिए अच्छा हो सकता है। इसमें वरिष्ठ एडिटर की सहायता करना, फुटेज व्यवस्थित करना, बेसिक कटिंग करना, ऑडियो मिलाना और प्रारंभिक ड्राफ्ट तैयार करना शामिल हो सकता है।

**वीडियोग्राफर**

वीडियोग्राफर कैमरा या मोबाइल से वीडियो शूट करता है। यह कार्य कार्यक्रमों, इंटरव्यू, व्यवसाय प्रचार, पर्यटन वीडियो, शैक्षणिक वीडियो और सोशल मीडिया कंटेंट के लिए उपयोगी है।

**वीडियो प्रोडक्शन असिस्टेंट**

यह व्यक्ति शूटिंग के समय टीम की मदद करता है। लोकेशन, उपकरण, समय, लोगों के समन्वय और शूटिंग व्यवस्था में सहयोग करता है।

**रील एडिटर / शॉर्ट वीडियो एडिटर**

आजकल छोटे वीडियो की मांग बहुत बढ़ गई है। व्यवसाय, शिक्षक, यूट्यूबर, इन्फ्लुएंसर और संस्थाएँ नियमित रूप से रील्स और शॉर्ट वीडियो बनवाती हैं।

**यूट्यूब वीडियो एडिटर**

यूट्यूब चैनल चलाने वाले शिक्षक, कोच, व्लॉगर, विशेषज्ञ और संस्थान लंबे तथा छोटे दोनों प्रकार के वीडियो के लिए एडिटर रखते हैं।

**मोशन ग्राफिक्स आर्टिस्ट**

यह व्यक्ति वीडियो में एनिमेटेड टेक्स्ट, लोगो, ग्राफिक्स, टाइटल, चार्ट और आकर्षक विजुअल जोड़ता है।

**कॉर्पोरेट फिल्म / पीआर फिल्म असिस्टेंट**

कंपनियों, संस्थानों, सरकारी विभागों, एनजीओ और आयोजनों के लिए बनने वाली फिल्मों में स्क्रिप्ट, शूटिंग, एडिटिंग और प्रोडक्शन सहयोग की आवश्यकता होती है।

**सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर**

यह व्यक्ति वीडियो की योजना बनाता है, शूट करता है, एडिट करता है और सोशल मीडिया के अनुसार तैयार करता है।

## राजस्थान में अवसर

राजस्थान में वीडियो एडिटिंग और वीडियो प्रोडक्शन के लिए कई अवसर उपलब्ध हो सकते हैं। जयपुर में सरकारी विभागों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों, कोचिंग संस्थानों, स्टार्टअप्स, डिजिटल मार्केटिंग एजेंसियों, अस्पतालों, होटलों, मीडिया एजेंसियों और कार्यक्रमों के कारण इस क्षेत्र में अच्छी संभावनाएं हैं। कोटा शिक्षा और कोचिंग का बड़ा केंद्र है। यहाँ ऑनलाइन क्लास, शैक्षणिक वीडियो, छात्र मार्गदर्शन, शिक्षक ब्रांडिंग और सोशल मीडिया कंटेंट की मांग हो सकती है। उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, पुष्कर, माउंट आबू जैसे पर्यटन क्षेत्रों में होटल, पर्यटन, डेस्टिनेशन वेडिंग, ट्रैवल वीडियो और इवेंट फिल्मों से जुड़े अवसर हो सकते हैं।

अजमेर, बीकानेर, अलवर, भीलवाड़ा, सीकर, भरतपुर और अन्य शहरों में भी स्थानीय व्यवसायों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, कोचिंग संस्थानों और सामाजिक संगठनों को वीडियो सेवाओं की आवश्यकता हो सकती है। युवा केवल नौकरी का इंतजार न करें। वे स्थानीय स्तर पर भी छोटे कार्यों से शुरुआत कर सकते है - जैसे दुकान या व्यवसाय का प्रचार वीडियो, स्कूल कार्यक्रम का वीडियो, कोचिंग सेंटर के शैक्षणिक वीडियो, संस्था की गतिविधियों का डॉक्यूमेंटेशन, सोशल मीडिया रील्स या स्थानीय कार्यक्रमों की कवरेज।

## भारत और विदेशों में अवसर

भारत के बड़े शहरों दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता आदि में वीडियो एडिटर, वीडियोग्राफर, कंटेंट क्रिएटर, मोशन ग्राफिक्स आर्टिस्ट और प्रोडक्शन असिस्टेंट जैसे पदों की मांग रहती है। डिजिटल मार्केटिंग एजेंसियों, मीडिया कंपनियों, एडटेक कंपनियों, स्टार्टअप्स, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन टीमें और यूट्यूब चैनल इस क्षेत्र में युवाओं को अवसर दे सकते हैं।

वीडियो एडिटिंग का एक बड़ा लाभ यह है कि यह काम कई बार दूर से भी किया जा सकता है। यदि किसी युवा के पास कंप्यूटर, इंटरनेट, अच्छा पोर्टफोलियो और समय पर काम पूरा करने की आदत है, तो वह अन्य शहरों या विदेशों के क्लाइंट्स के लिए भी काम कर सकता है।

यूएई, सऊदी अरब, कतर, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों में भी वीडियो एडिटिंग, सोशल मीडिया वीडियो, कॉर्पोरेट वीडियो, रियल एस्टेट वीडियो, ऑनलाइन कोर्स, पॉडकास्ट और यूट्यूब एडिटिंग से जुड़े अवसर मिल सकते हैं। कुछ अवसर नौकरी के रूप में होते है, जबकि कुछ फ्रीलांस या रिमोट वर्क के रूप में हो सकते हैं।

## शुरुआत के लिए साधारण उपकरण

**शुरुआत में महंगे उपकरणों की आवश्यकता नहीं है। एक शुरुआती युवा के पास ये चीजें हों तो वह अभ्यास शुरू कर सकता है :-**

- स्मार्टफोन
- साधारण ट्राइपॉड
- कॉलर माइक
- प्राकृतिक रोशनी या सामान्य लाइट
- मुफ्त या कम लागत वाला एडिटिंग ऐप
- कंप्यूटर या लैपटॉप, यदि उपलब्ध हो
- इंटरनेट कनेक्शन
- फाइल सेव करने के लिए पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क या क्लाउड स्टोरेज

**आय और अनुभव बढ़ने पर बेहतर कैमरा, माइक, लाइट, स्टेबलाइजर, एडिटिंग लैपटॉप और प्रोफेशनल सॉफ्टवेयर लिए जा सकते हैं।**

## कौन युवा इस क्षेत्र में आ सकते हैं ?

**यह क्षेत्र कई प्रकार के युवाओं के लिए उपयोगी हो सकता है:-**

- स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी
- बेरोजगार युवा
- स्नातक युवा
- आईटीआई या पॉलिटेक्निक विद्यार्थी
- फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले युवा
- सोशल मीडिया में रुचि रखने वाले युवा
- फ्रीलांस काम करने की इच्छा रखने वाले युवा
- छोटे स्तर पर अपना काम शुरू करने वाले युवा

**कुछ नौकरियों में डिग्री या डिप्लोमा उपयोगी हो सकता है, लेकिन इस क्षेत्र में कौशल, अभ्यास, पोर्टफोलियो, समय पर डिलीवरी और व्यावहारिक समझ का बहुत महत्व है।**

## आय की संभावनाएँ

इस क्षेत्र में आय कौशल, अनुभव, शहर, काम की गुणवत्ता और ग्राहक पर निर्भर करती है। शुरुआत में युवा इंटर्नशिप, छोटे फ्रीलांस कार्य या एंट्री-लेवल नौकरी से शुरुआत कर सकते हैं। अनुभव बढ़ने के साथ वीडियो एडिटर, वीडियोग्राफर या कंटेंट क्रिएटर पूर्णकालिक नौकरी, मासिक रिटेनर, फ्रीलांस प्रोजेक्ट, यूट्यूब चैनल, सोशल मीडिया एजेंसी, शादी/कार्यक्रम वीडियो, कॉर्पोरेट फिल्म और संस्थागत कार्यों से आय कमा सकते हैं। फ्रीलांसर एक साथ कई ग्राहकों के साथ काम कर सकता है। उदाहरण के लिए कोई युवा एक व्यवसाय के लिए मासिक रील्स बना सकता है, किसी शिक्षक के लिए यूट्यूब वीडियो एडिट कर सकता है, किसी संस्था के कार्यक्रम का वीडियो बना सकता है और किसी स्थानीय ग्राहक के लिए प्रचार वीडियो तैयार कर सकता है।

## किन गलतियों से बचें ?

**शुरुआती युवाओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।**

सिर्फ सर्टिफिकेट पर निर्भर न रहें। अभ्यास और पोर्टफोलियो अधिक महत्वपूर्ण है। बिना नमूना काम के नौकरी या प्रोजेक्ट मिलना कठिन हो सकता है। आवाज की गुणवत्ता को नजरअंदाज न करें। बिना अनुमति कॉपीराइट संगीत का उपयोग न करें। बहुत अधिक इफेक्ट और ट्रांजिशन का प्रयोग न करें। समय सीमा का पालन करें। जो काम नहीं कर सकते, उसका वादा न करें। दूसरे लोगों के वीडियो कॉपी न करें। ग्राहक या संस्था के निर्देशों को ध्यान से समझें।

तकनीकी कौशल के साथ-साथ ईमानदारी, अनुशासन और पेशेवर व्यवहार भी बहुत जरूरी है।

## आगे बढ़ने का मार्ग

इस क्षेत्र में युवा धीरे-धीरे आगे बढ़ सकते हैं। शुरुआत में वीडियो एडिटिंग इंटर्न या असिस्टेंट के रूप में काम किया जा सकता है। आगे चलकर वीडियो एडिटर, सीनियर एडिटर, वीडियोग्राफर, कंटेंट प्रोड्यूसर, मोशन ग्राफिक्स आर्टिस्ट, क्रिएटिव डायरेक्टर, प्रोडक्शन मैनेजर, डॉक्यूमेंट्री मेकर, कॉर्पोरेट फिल्म मेकर या उद्यमी बना जा सकता है।

कुछ युवा अपनी छोटी वीडियो प्रोडक्शन एजेंसी भी शुरू कर सकते हैं। कोई शिक्षा वीडियो में विशेषज्ञ बन सकता है, कोई पर्यटन वीडियो में, कोई शादी और कार्यक्रमों में, कोई सरकारी या सामाजिक परियोजनाओं में, कोई रियल एस्टेट वीडियो में और कोई सोशल मीडिया कंटेंट में।

## निष्कर्ष

**वीडियो एडिटिंग और वीडियो प्रोडक्शन आज के युवाओं के लिए एक व्यावहारिक और उभरता हुआ करियर क्षेत्र है। इसमें रचनात्मकता, तकनीक, संचार और उद्यमिता - सभी का मेल है। शुरुआत के लिए बहुत बड़ी पूंजी की आवश्यकता नहीं है, लेकिन नियमित अभ्यास, धैर्य, अनुशासन और अच्छा पोर्टफोलियो आवश्यक है।**

**राजस्थान के युवाओं के लिए यह क्षेत्र विशेष रूप से उपयोगी हो सकता है, क्योंकि शिक्षा, पर्यटन, सरकारी संचार, व्यवसाय प्रचार, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया, कार्यक्रम और फ्रीलांसिंग में अनेक अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।**

**आज एक युवा मोबाइल फोन से शुरुआत कर सकता है और अभ्यास के साथ भविष्य में वीडियो एडिटर, वीडियोग्राफर, कंटेंट क्रिएटर, फ्रीलांसर या उद्यमी बन सकता है। आवश्यकता है सीखना शुरू करने की, नियमित अभ्यास करने की, अपना काम दिखाने की और अवसरों की सक्रिय खोज करने की।**

### वार्षिक अभिदाताओं/एजेंट हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वें रु 60/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट उप निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं।

\- संपादक

### सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों/संस्थानों की अपनी हैं। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है।

-संपादक


### राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
ऋषभ मंडल
आयुक्त, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग,
राजस्थान, जयपुर
मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
डॉ. संजीव सोलंकी
उप निदेशक (प्रकाशन), राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर
डाक का पता :- उप निदेशक (प्रकाशन), दरबार स्कूल परिसर,
गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001
e-mail— adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in


स्वत्त्वाधिकारी, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार के लिए मुद्रक उप निदेशक(प्रकाशन) द्वारा डी.बी. कॉर्प लि. 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, फोन - 01416658888 (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर) से मुद्रित एवं दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। संपादक- डॉ.संजीव सोलंकी